NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 287 लखनऊ, शनिवार 01 जून 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## पीएम मोदी ने मौजूदा स्थिति का जायजा लिया, कहा– सहायता के लिए जमीनी स्तर पर काम हो रहा



एजेंसी।

नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में चक्रवात श्रेमलश के बाद प्राकृतिक आपदाएं आई हैं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो वहां प्रभावित हुए हैं। मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। केंद्र सरकार ने राज्यों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारी प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। पिछले चार दिनों में चक्रवात रेमल के कारण अचानक आई बाढ़, भारी बारिश और भूस्खलन के बाद पूरे पूर्वोत्तर में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है और दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। लगातार बारिश और भूस्खलन ने पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों को अलग–थलग कर दिया है क्योंकि बाढ़ के पानी में रेलवे ट्रैक डूब गए हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने मंगलवार से दक्षिण असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मिजोरम जाने वाली एक्सप्रेस, यात्री और मालगाड़ियों को रद्द कर दिया है, क्योंकि पूरे क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर बाढ़ का पानी भर गया है। रेमल चक्रवात से हुए जान माल के नुकसान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में चक्रवात श्रेमलश के बाद प्राकृतिक आपदाएं आई हैं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो वहां प्रभावित हुए हैं। मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। केंद्र सरकार ने राज्यों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारी प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।असम में अचानक आई बाढ़ से नौ जिलों में हजारों लोग प्रभावित हुए हैं क्योंकि असम और मेघालय से होकर बहने वाली कोपिली नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम में 35,000 से अधिक लोगों को राहत शिविरों में ले जाया गया है। मणिपुर में तीन लोगों की मौत हो गई है

## मुख्यमंत्री योगी ने दिया निर्देश– अनावश्यक बिजली कटौती न करें, तत्काल सही कराएं फाल्ट

संवाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जारी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर हीट वेव से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं। यूपी में भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए और कहा कि गांव हो या शहर अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए और फाल्ट आने पर तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से प्रदेश में भीषण गर्मी–लू का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में आम जनजीवन



और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध ा किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी किया जाए।न्होंने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजार में मुख्य मार्गों पर जगह–जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। पेयजल का अभाव कहीं भी न हो।उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में

## भ्रष्टाचार का प्रतीक है लालू यादव का परिवार, सम्राट चौधरी का सवाल- उन्होंने बिहार के लिए क्या किया

एजेंसी।

पटना बिहार भाजपा नेता ने कहा कि देश की जनता जानती है कि ये (लालू यादव) भ्रष्ट लोग हैं। भ्रष्टाचार उनके लिए आभूषण है। मैं तेजस्वी यादव से आग्रह करना चाहता हूं कि वे बिहार के युवाओं को बताएं कि डेढ़ साल में करोड़पति कैसे बनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को लूटने के लिए जानी जाती है। बिहार के डिप्टी सीएम और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने आखिरी चरण के चुनाव से पहले एक बार फिर से राजद और लालू परिवार पर निशाना साधा है। बिहार की 8 सीटों पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों को लोकसभा चुनाव में अपना खाता खोलने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने लालू प्रसाद यादव को 15 साल तक मौका दिया...उन्होंने बिहार के लिए क्या किया?... लालू यादव का परिवार भ्रष्टाचार का प्रतीक है। हम 400 से अधिक सीटें जीत रहे हैं। अगर वे (विपक्ष) 300 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि लोकसभा की ताकत बढ़कर 1000 हो गई है। भाजपा नेता ने कहा कि देश की जनता जानती है कि ये (लालू यादव) भ्रष्ट लोग हैं। भ्रष्टाचार उनके लिए आभूषण है। मैं तेजस्वी यादव से आग्रह करना चाहता हूं कि वे बिहार के युवाओं को बताएं कि डेढ़ साल में करोड़पति कैसे बनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को लूटने के लिए जानी जाती है। कांग्रेस इस देश को बर्बाद करने वाली पार्टी रही है और लालू यादव का परिवार बिहार को लूटने वाला परिवार रहा है। चौधरी ने साफ तौर पर कहा कि जो कोई चोरी करेगा, उसे डरना ही पड़ेगा। इस देश में जो भी चोरी करेगा उसे प्रधानमंत्री मोदी से डरना होगा... आपके (तेजस्वी यादव) पिता (लालू यादव) ने जमीन के बदले नौकरी दी, इसलिए चोर को जेल जाना पड़ेगा।



बिहार की आठ लोकसभा सीटों के लिये बृहस्पतिवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। आम चुनाव के आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में बिहार के सासाराम, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट और जहानाबाद में मतदान होगा जहां करीब 1.62 करोड़ मतदाता 134 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। राजग के स्टार प्रचारकों में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चरण की सीटों में से पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर संसदीय क्षेत्रों में क्रमशः भाजपा के मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा तथा भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के पक्ष में अल–अलग रैलियों को संबोधित किया।

## मात्र 1 महीने के लिए दिल्ली को...जल संकट के बीच केजरीवाल की मंत्री ने केंद्र से की अपील

एजेंसी।

दिल्ली आतिशी ने कहा कि अगर भाजपा अपनी हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को कहेगी तो वे जरूर कुछ पानी दिल्ली को देंगे... दिल्ली वाले आपातकाल की स्थिति में हैं, हीट वेव से झूंझ रहे हैं... आप अगर चाहते हैं कि दिल्लीवासियों के जीवन में कुछ सुधार हो तो आप अपनी हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को कहिए कि जब तक दिल्ली में मानसून नहीं आ जाता तो दिल्ली को कुछ ज्यादा पानी जरूर दें। दिल्ली की जल मंत्री अतिशी ने कहा कि दिल्ली में इस समय गंभीर हीट वेव की स्थिति है।दिल्ली में पानी की कमी भी है। ऐसे समय पर भाजपा गंदी राजनीति कर रही है । भाजपा ने आज अपने कई कार्यकर्ताओं को इकट्ठा करके दिल्ली सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। मैं भाजपा से ये पूछना चाहती हूं कि जब ऐसा आपातकाल का समय है... तो क्या ये गंदी राजनीति करने का समय है?... दिल्ली के बगल में हरियाणा और उत्तर प्रदेश है। दोनों जगह भाजपा की सरकार है। मैं भाजपा से अपील करूंगी कि ये समय साथ आने, आपके द्वारा शासित हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को अपील करने का है। आतिशी ने कहा कि अगर भाजपा अपनी हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को कहेगी तो वे जरूर कुछ पानी दिल्ली को देंगे... दिल्ली वाले आपातकाल की स्थिति में हैं, हीट वेव से झूंझ रहे हैं..

## लोकसभा के रण का फाइनल राउंड, जिन 57 सीटों पर पड़ेंगे वोट, उस पर 2019 में क्या रहा था रिजल्ट

एजेंसी।

नई दिल्ली शनिवार के अंत तक पंजाब की सभी 13 सीटों और हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीटों पर एक साथ मतदान पूरा हो जाएगा। अन्य राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल – जहां सभी सात चरणों में मतदान हुआ और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी एक साथ हो रहे हैं। 2019 में विपक्षी इंडिया ब्लॉक और सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने इन 57 सीटों में से क्रमशः 19 और 30 सीटें जीतीं।लगभग 80 दिनों के प्रचार अभियान के बाद, लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग शनिवार को समाप्त हो जाएगी। 1 जून को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 1951–52 के पहले लोकसभा चुनाव के बाद यह दूसरा सबसे लंबा संसदीय चुनाव है। मतदान समाप्त होने के बाद सभी की निगाहें एग्जिट पोल और 4 जून को आने वाले नतीजों पर होंगी।





शनिवार के अंत तक पंजाब की सभी 13 सीटों और हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीटों पर एक साथ मतदान पूरा हो जाएगा। अन्य राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल – जहां सभी सात चरणों में मतदान हुआ और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी एक साथ हो रहे हैं। 2019 में विपक्षी इंडिया ब्लॉक और सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने इन 57 सीटों में से क्रमशः 19 और 30 सीटें जीतीं। इनमें से 25 सीटें अकेले बीजेपी ने जीतीं। इंडिया ब्लॉक के सदस्यों में, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस ने क्रमशः नौ और आठ पर सबसे अधिक सीटें जीतीं। कई गैर–गठबंधन दलों ने भी कई निर्वाचन क्षेत्र जीतेरू बीजू जनता दल (बीजेडी) ने ओडिशा में चार सीटें जीतीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने यूपी में दो सीटें जीतीं, और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) ने पंजाब में दो सीटें जीतीं। एनडीए का गठन करने वाली पार्टियों को इंडिया ब्लॉक पार्टियों के 37.52: वोट शेयर की तुलना में 39.03: वोट मिले। 2014 में, एनडीए ने इनमें से 39 सीटें जीतीं और भारत गठबंधन दलों ने 11 सीटें जीतीं, जबकि 10 अन्य पार्टियों के पास गईं। आपराधिक मामलों वाले दलवार उम्मीदवार बीजेपीरू 23 (पार्टी के 45: उम्मीदवार) बीएसपीरू 13 (23:) कांग्रेसरू घ्12 (39:) आप 5 (39:) एसएडीरू 8 (62:)टीएमसीरू 7 (78:)एसपी 7 (78:) सीपीआई (एम)रू 5 (63:) सबसे अमीर उम्मीदवारहरसिमरत कौर बादल ै।क), पंजाब के बठिंडा से चुनाव लड़ रही हैं द्य संपत्तिरू 198.52 करोड़ रुपये बैजयंत पांडा (भाजपा), ओडिशा के केंद्रपाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं संपत्तिरू 148. 09 करोड़ रुपये संजय टंडन (भाजपा), चंडीगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं संपत्तिरू 111.86 करोड़ रुपये सबसे छोटा और सबसे बुजुर्ग सबसे युवारू 25 वर्ष की आयु के दो उम्मीदवार, छोटी पार्टियों से सबसे बुजुगर्रू 87 वर्षीय निर्दलीय के रंगैया, झारखंड के गोड्डा से चुनाव लड़ रहे हैं चरण 7 में प्रमुख युद्धक्षेत्र पंजाब और चंडीगढ़ कुल सीटेंरू 14 कुल मतदातारू 2.2 करोड़ पहली बार मतदातारू 5.04 लाख

## निदेशक ने तंबाकू सेवन के बताए दुष्प्रभाव,किया जागरूक

लखनऊ। डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान निदेशक डॉ.सीएम सिंह के दिशा निर्देशन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को निदेशक डॉ. सिंह ने लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में सुझाव व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्थान के दंत चिकित्सा विभाग के साथ मिलकर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। जिसमें तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा विषय पर केंद्रित कार्यक्रम में स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और छात्रों को तंबाकू के खतरों व लत छुड़ाने के तरीके के बारे में जागरूक किया गया।वहीं कार्यक्रम की शुरूआत हॉस्पिटल ब्लॉक की ओपीडी में एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों द्वारा मनमोहक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन के साथ की गयी। शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र यूएचटीसी, उजरियांव पर भी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्रों ने तंबाकू के उपयोग से संबंधित विभिन्न चिकित्सा और सामाजिक मुद्दों पर प्रस्तुति दी। साथ ही तंबाकू सेवन न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम में तंबाकू के दुष्प्रभाव की जागरूकता के लिए एमबीबीएस,नर्सिंग छात्रों के लिए एक स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसे तम्बाकू के खतरों, निवारण रणनीतियों,लत छुड़ाने, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम और सीओटीपीए अधिनियम के प्रावधानों पर ज्ञान के लिए शिक्षकों, सीनियर और जूनियर डॉक्टर और छात्रों के लिए एक सीएमई भी आयोजित की गई। वहीं प्रतिभागियों को निदेशक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीन डॉ.प्रद्युम्न सिंह, सीएमएस डॉ. एके सिंह अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

और प्रयाग जं. पर स्थित दिव्यांगजन के तहत मुख्य प्रवेश द्वार से द्वितीय प्रवेश द्वार को मिलाने वाले 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के कार्य को परखा।



# रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अन्याय के खिलाफ जो संघर्ष किया वह हमें भी प्रेरणा देता है– अखिलेश याद

लखनऊ(आरएनएस) । समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ और प्रदेश के सभी जनपदों में आज वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रानी अवंती बाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और संचालन त्रिवेणी पाल ने किया। इस अवसर पर पाल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अखिलेश यादव ने रानी अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्षो से भरा था। उन्होंने राज्य पर आक्रमण करने वालों से जमकर लोहा लिया। अपने नेतृत्व में महिला सेना की स्थापना की। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया। मणिकर्टिका घाट को संवारा। मंदिर, बावड़ी, धर्मशाला के निर्माण के साथ लड़कियों की शिक्षा का विस्तार किया। निराश्रितों को मदद पहुंचाई। बड़ी कुशलता से उन्होंने प्रशासन भी सम्हाला था। अखिलेश यादव ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर शिवजी की अनन्य भक्त और न्याय, धर्म, समर्पण की प्रतिमूर्ति थी। वृक्षारोपण के साथ काफी दान पुण्य भी किया। माहेश्वर और इन्दौर में मन्दिर का निर्माण कराया। उनके शासनकाल में जनता सुखी और समृद्ध थी। अखिलेश यादव ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अन्याय के खिलाफ जो संघर्ष किया वह हमें भी प्रेरणा देता है। आज देश–प्रदेश के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। किसान, नौजवान, व्यापारी, सभी परेशान है। महिलाएं असुरक्षित है। इस समय सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण सवाल है बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की। बाबा साहब के संविधान ने लोगों को जो अधिकार दिया उससे लोगों को हक और सम्मान मिला। आज उस संविधान पर संकट है। नफरती ताकतें सक्रिय है।कहा कि समाजवादी पार्टी ने पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी और औरतो) का जो सामूहिक नारा दिया है वह बहुत सफल रहा। सभी ने इंडिया गठबंधन का समर्थन किया है। जातीय जनगणना को सार्वजनिक स्वीकार्यता मिली है। भाजपा के एकाधिकारवादी मानसिकता के मुकाबले लोकतांत्रिक शक्तियों को वैचारिक आंदोलन से समर्थन मिला है। भाजपा ने जनता को धोखा दिया है। अब प्रधानमंत्री जी का जादू चलने वाला नहीं है। इस अवसर पर सर्वश्री किरणमय नंदा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा, विधायक अतुल प्रधान, जानकी पाल, राकेश बघेल, त्रिवेणी पाल, अनिल पाल, मनोज पाल, चन्द्र शेखर पाल, विपिन पाल

, प्रमोद पाल, राम सेवक पाल, विनय पाल, महराज सिंह धनगर, आरबी पाल, डॉ विनोद पाल, रंजू सिंह पाल, वीरेन्द्र पाल, मुन्ना पाल, अजीत पाल, महेन्द्र यादव, सुमित पाल, सौरभ पाल, हिमांशु संघर्षी, शिवम कृष्णा पाल, मंजेश पाल, गोविन्द कुमार, त्रिभुवन सिंह, महताब सिंह यादव, विनोद लोधी आदि प्रमुख नेता शामिल रहे।

# महिलाओं के लिए बनेगा शौचालय व ब्रेस्ट फीडिंग रूम

लखनऊ(आरएनएस) ।नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह द्वारा नगर निगम लखनऊ में एक अभिनव प्रयास का प्रारम्भ करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं अधिकारो के संबंध में नगर निगम में कार्यरत समस्त महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हेतु आज एक विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट उपस्थित रही। बैठक में नगर निगम लखनऊ के समस्त कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों एवं अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को पूछा गया एवं सुझावों को सुना व समझा गया। नगर आयुक्त द्वारा महिलाओं की समस्याओं को सुनने के साथ ही उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धितों को आदेशित किया गया।

वार्ता में जोन–5 व 7 जोनल कार्यालय में कार्यरत महिलाओं द्वारा शौचालय की समस्या बताये जाने पर नगर आयुक्त द्वारा महिला शौचालय बनवाने के लिए निर्देश दिये गये। जन सूचना कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, लेखा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग में भीषण गर्मी में पंखे व कूलर की कमी होने पर कूलर व पंखे के अनुरोध किया गया। नगर आयुक्त द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल पंखे व कूलर लगाये जाने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। वार्ता के दौरान नगर आयुक्त द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु हेल्थ कैम्प लगवाये जाने तथा ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर जाँच कराये जाने की सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। वार्ता के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निगम में कार्यरत महिलाओं के शिशुओं के लिए एक ब्रेस्ट फीडिंग रूम को बनवाये जाने के निर्देश जारी किए जिसके लिए जल्द से जल्द जगह तलाश कर उसका निर्माण कार्य भी शुरू कराये जाने के निर्देश दिये गये। वार्ता में महिला कर्मियों के लम्बित सेवा संबंधी प्रकरण जैसे कि पेंशन, फण्ड के त्वरित निस्तारण हेतु मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान नगर आयुक्त कहा गया कि सभी महिला कर्मचारीध्अधिकारी को किसी प्रकार की समस्या होने पर सीधे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सकता है। सूचित समस्याओं के निराकरण हेतु नगर निगम लखनऊ द्वारा त्वरित कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम में महिलाओं की शिकायतो को सुनने के लिए नगर आयुक्त द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट को नोडल अधिकारी तथा सहायक नगर आयुक्त शिल्पा कुमारी को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि महिलाएं किसी प्रकार की समस्या होने पर नोडल अधिकारी को 27•7 अवगत करा सकते है। नोडल अधिकारी की जाँच इत्यादि कार्यवाही के लिए विशाखा समिति की अध्यक्ष नामित रहेगी। इसके अतिरिक्त महिला कर्मियोध्अधिकारियों के साथ यदि कार्यालय से बाहर भी किसी प्रकार की समस्या अथवा अभद्रता होने पर भी नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन प्रत्येक सहायता के लिए तैयार रहेगा।

# दो अलग–अलग तहसीलों के अंतर्गत 3 करोड़ 25 लाख से अधिक की सरकारी सम्पत्तियां हुई कब्जा मुक्त

लखनऊ(आरएनएस) । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियोंध संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमिध संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।उसी क्रम मे आज सरोजनीनगर तहसील के ग्राम कासिमपुर पकरी एवं बी.के.टी. तहसील के ग्राम रसूलपुर कायस्थ अंतर्गत सरकारी भूमियों को कब्जा मुक्त कराया गया

सरोजनी नगर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम – कासिमपुर पकरी की खसरा संख्या 46 क्षेवफल 0.1010 हे. तालाब की भूमि है जो नगर निगम में निहित संपत्ति है। श्री पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में उक्त खसरा संख्या पर किये गए अवैध कब्जे को आज दिनांक 31.05.2024 को श्री नीरज कटियार नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लेखपाल श्री सुधांशु श्रीवास्तव, श्री मनोज आर्य, श्री अनूप गुप्ता, श्री राजेन्द्र यादव द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया। शेष स्थाई निर्माण के सम्बन्ध में पी.पी. एक्ट की कार्यवाही प्रचलित की जाएगी। उक्त अवैध कब्जों से 2500 वर्गफुट रिक्त कराई गई, जिसकी बाजारू कीमत 1,2500000 (एक करोड़ पच्चीस लाख) के लगभण है। इसके अतिरिक्त आज को बीकेटी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम रसुलपुर कायस्थ के गाटा स० 137 व 123 चारागाह की भूमि है।अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर कायस्थ तहसील बी. के. टी. जनपद लखनऊ में गाटा स० 137 व 12 3 पर जो नगर निगम में निहित भूमि है,उस पर कुछ व्यक्तियो द्वारा इंट, बालू, डालकर कब्जे का प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार श्री. संजय कुमार सिंह व लेखपाल श्री संदीप, प्रदीप गिरी, एवं रा०नि० श्री. अविनाश तिवारी के साथ जाकर उक्त स्थल पर से अतिक्रमण हटा दिया गया। उक्त गाटों में अतिक्रमण 500 मी० से अधिक भूमि पर था। उक्त भूमि के बजारु मुक्त लगभग 2 करोड़ रुपए से अधिक का है।

# 30 मई को कुल 636.39 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 30 मई, 2024 तक कुल 51312.50 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9154.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 5716.93 लाख रुपये कीमत की शराब, 24056.58 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2853.72 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 6658.70 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2871.77 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 30 मई, 2024 को कुल 636.39 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 4.67 लाख रुपये नकद, 24.24 लाख रुपये कीमत की 9337.79 लीटर शराब, 8.31 लाख रुपये कीमत की 5954.25 ग्राम ड्रग, 551.34 लाख रुपये कीमत के 773043.98 मुफ्त उपहार एवं 47.83 लाख रुपये कीमत की 98639 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये,

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 30 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,38,170 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,99,188 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10239 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10430 कारतूस, 3162.32 किलोग्राम विस्फोटक व 612 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5400 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गया।

30 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 5552 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 48 शस्त्र, 54 कारतूस व 02 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 41 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

# सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी का मतदान 01 जून को

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के प्रेस कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 01 जून, 2024 को प्रदेश के सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 63–महराजगंज, 64–गोरखपुर, 65–कुशीनगर, 66–देवरिया, 67–बांसगांव (अ0जा0), 70–घोसी, 71–सलेमपुर, 72–बलिया, 75–गाजीपुर, 76–चन्दौली, 77–वाराणसी, 79–मिर्जापुर, 80–राबर्ट्सगंज (अ0जा0) में मतदान होना है। 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 7:00 बजे से शुरू होकर सायं 6:00 बजे तक है, जबकि 80–राबर्ट्सगंज (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 05 विधानसभा क्षेत्रों में से 03 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 7:00 बजे से शुरू होकर सायं 06:00 बजे तक जबकि 02 विधानसभा क्षेत्रों 401–राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र एवं 403–दुद्धी (अ0ज0जा0) लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय प्रातः 7:00 बजे से शुरू होकर अपराह्न 04:00 बजे तक रहेगा। जो भी मतदाता मतदान अवधि के अन्त में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर क्रमशः जिलाधिकारी, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण गोरखपुर, जिलाधिकारी, मऊ, मुख्य विकास अधिकारी, बलिया, जिलाधिकारी, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403–दुद्धी (अ0ज0जा0) के रिटर्निंग आफिसर उप जिलाधिकारी दुद्धी अधिसूचित हैं।

# लोकसभा चुनाव 2024 अंतिम चरण के मतदान से पहले अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासंघ आर उत्तर प्रदेश ने एनडीए को समर्थन दिया

लखनऊ(आरएनएस)। यूपी प्रेस क्लब में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासंघ आर उत्तर प्रदेश ने लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के मतदान से पहले नरेंद्र मोदी भाजपा और एनडीए गठबंधन को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जयंत के एम ने विश्वकर्मा समाज को संदेश देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने विश्वकर्मा सम्मान योजना शुरू की और सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दक्षिण भारत के मूर्तिकार योगी को प्रभु श्रीराम की मूर्ति बनाने का अवसर दिया जो विश्वकर्मा समाज के लिए गौरव की बात है इसलिए विश्वकर्मा महासंघ पीएम मोदी भाजपा और एनडीए गठबंधन को समर्थन दे रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर पीएम मोदी की तपस्या को लेकर डॉ जयंत ने कहा कि नरेंद्र मोदी ही ऐसे काम कर सकते हैं और इस बार एनडीए 400 पार।

# 01 जून की सायं 06:30 बजे तक एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल रहेंगे प्रतिबंधित

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 तथा विधानसभा उप निर्वाचन से सम्बन्धित एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर 01 जून, 2024 (शनिवार) सायं 6:30 बजे तक पूर्णतया प्रतिबन्ध रहेगा। नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर लगाये गये प्रतिबन्धों का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (संक्षेप में लो0प्र0 अधिनियम, 1951) की उप–धाराओं के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। इसका उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों दण्ड दिये जा सकते हैं। सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 11 जनपदों – महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403–दुद्धी (अ0ज0जा0) जनपद सोनभद्र में अवस्थित हैं। सातवें चरण में कुल 2,50,56,877 (02 करोड़ 50 लाख 56 हजार 877) मतदाता हैं, जिसमें 1,33,10,897 पुरूष (01 करोड़ 33 लाख 10 हजार 897) तथा 1,17,44,922 महिला (01 करोड़ 17 लाख 44 हजार 922) एवं 1,058 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। सातवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता 64–गोरखपुर, तथा सबसे कम मतदाता 71–सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरूष तथा 10 महिला प्रत्याशी हैं। सातवें चरण में सबसे अधिक 28 प्रत्याशी 70–घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 07 प्रत्याशी 66–देवरिया एवं 77–वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।63–महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 20,04,050 हैं, जिसमें पुरूष 10,55,607 महिला 9,48,367 तथा थर्ड जेंडर 76 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2084, प्रत्याशियों की संख्या 8 हैं।64–गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 2097202 हैं, जिसमें पुरूष 11,23,868 महिला 9,73,160 तथा थर्ड जेंडर 174 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2038, प्रत्याशियों की संख्या 13 हैं।65–कुशीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 18,75,222 हैं, जिसमें पुरूष 9,85,378 महिला 8,89,748 तथा थर्ड जेंडर 96 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1832, प्रत्याशियों की संख्या 09 हैं।66–देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1873821 हैं, जिसमें पुरूष 9,91,341 महिला 882371 तथा थर्ड जेंडर 109 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1894, प्रत्याशियों की संख्या 07 हैं।67–बांसगांव (0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1820854 हैं, जिसमें पुरूष 9,68,212 महिला 8,52,555 तथा थर्ड जेंडर 87 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1930, प्रत्याशियों की संख्या 08 हैं।70–घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 2083928 हैं, जिसमें पुरूष 11,03,551 महिला 980302 तथा थर्ड जेंडर 75 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2125, प्रत्याशियों की संख्या 28 हैं।71–सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1776982 हैं, जिसमें पुरूष 945511 महिला 831404 तथा थर्ड जेंडर 67 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1872, प्रत्याशियों की संख्या 09 हैं।72–बलिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1923645 हैं, जिसमें पुरूष 1032943 महिला 890639 तथा थर्ड जेंडर 63 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1996, प्रत्याशियों की संख्या 13 हैं।75–गाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 2074883 हैं, जिसमें पुरूष 1091592 महिला 983266 तथा थर्ड जेंडर 25 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2035, प्रत्याशियों की संख्या 10 हैं।76–चन्दौली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1843196 हैं, जिसमें पुरूष 987671 महिला 855475 तथा थर्ड जेंडर 50 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1868, प्रत्याशियों की संख्या 10 हैं।77–वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1997578 हैं, जिसमें पुरूष 1083750 महिला 913692 तथा थर्ड जेंडर 136 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1909, प्रत्याशियों की संख्या 07 हैं।79–मिजापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1906327 हैं, जिसमें पुरूष 999567 महिला 906691 तथा थर्ड जेंडर 69 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2143, प्रत्याशियों की संख्या 10 हैं।80–राबट्र्सगंज(अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1779189 हैं, जिसमें पुरूष 941906 महिला 837252 तथा थर्ड जेंडर 31 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1932, प्रत्याशियों की संख्या 12 हैं।विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403–दुद्धी (अ0ज0जा0) में कुल 3,44,840 (03 लाख 44 हजार 840) मतदाता हैं, जिसमें 1,81,250 (01 लाख 81 हजार 250) पुरूष तथा 1,63,581 (01 लाख 63 हजार 581) महिला एवं 09 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 क्रिटिकल तथा 216 मतदान केन्द्र हैं। प्रत्याशियों की संख्या 06 हैं।

सातवें चरण के चुनाव में कुल 25,658 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिसमें से 4165 क्रिटिकल हैं। 14,183 मतदान केन्द्र हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 03 विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 08 पुलिस प्रेक्षक तथा 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं।

चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 7258 भारी वाहन, 5346 हल्के वाहन तथा 108349 (01 लाख 08 हजार 349) मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए 31,223 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 34,280 बैलट यूनिट तथा 33,366 वी0वी0पैट तैयार किये गये हैं।

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गयी है। सातवें चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्धसैनिक बलोंध्पुलिस बलों के व्यवस्थापन के दृष्टिगत आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गयी है। हेलीकाप्टर की लोकेशन 31 मई व 01 जून, 2024 को गोरखपुर में तथा एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 01 जून, 2024 को वाराणसी में रहेगी। 50 प्रतिशत से अधिक मतदेय स्थलों पर (13092) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 2304 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। सातवें चरण में कुल 288 आदर्श मतदेय स्थल एवं 100 महिला, 42 दिव्यांग तथा 56 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फार्मेशन स्लिप निर्वाचकों को वितरित करायी गयी है, जिसके माध्यम से उन्हें अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। सातवें चरण में 02 करोड़ 47 लाख 79 हजार 548 मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित की गयी है। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप, भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने मतदेय स्थल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर गाइड का भी वितरण किया गया है। सातवें चरण के जनपदों में 49 लाख 49 हजार 347 परिवारों को वोटर गाइड वितरित की गयी है। सातवें चरण के जनपदों में 27 अक्टूबर, 2023 से 31 मई, 2024 तक 13 लाख 30 हजार 994 मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित कराये गये हैं।

मतदान की अवधि में सभी बी0एल0ओ0 एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ मतदाता सहायता बूथ पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर एवं जगह–जगह पर वॉलन्टियर की व्यवस्था की गयी है, जो कि दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य फोटो पहचान पत्र (यथा–आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकोंध्डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध राज्य सरकारध्लोक उपक्रमध पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदोंध्विधायकोंध्विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी(यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान किये जाने हेतु मान्य होंगे।

मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल–फ्री नं0–1800–180–1950 प्रदेशस्तर पर तथा 1950 जिलास्तर पर काल करके दर्ज करायी जा सकती है। इसके अतिरिक्त सी–विजिल,एन0जी0एस0पी0ध वी0एच0ए0 पर भी शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है। सातवें चरण में सी–विजिल पर 16 मार्च, 2024 से 31 मई, 2024 तक कुल 1145 शिकायतें दर्ज हुई हैं। उनमें 842 शिकायतें सही पायी गयी हैं तथा 303 शिकायतें गलत पायी गयी हैं। कुल 842 सही शिकायतों में से 803 शिकायतें 100 मिनट की नियत समयावधि में निस्तारित की गयी हैं। शिकायत निस्तारण का औसत समय 48:54 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। सातवें चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में 16 मार्च, 2024 से 31 मई, 2024 तक 37 करोड़ 46 लाख रूपये की कीमत की शराब, नकदी व ड्रग आदि जब्त की गयी।

मतदान प्रतिशत की जानकारी 2–2 घण्टे पर मीडिया को प्रेषित की जायेगी। इसके अतिरिक्त वोटर टर्नआउट एप एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया हैण्डलस् पर भी मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### 04 जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही – डा0 सी0पी0 राय

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन, पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, डॉ0 सुधा मिश्रा, उ0प्र0 कांग्रेस सोशल मीडिया के उपाध्यक्ष शालिनी सिंह एवं दानिश आजम वारसी ने भी संबोधित किया। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में जिस प्रकार इस देश और प्रदेश की जनता ने इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन दिया है। उससे हम पूरे विश्वास के साथ कह रहे हैं कि आगामी 04 जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही और भाजपा का खेल अब खत्म होने वाला है। डॉ0 राय ने कहा कि वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री अजय राय जी की जनता के पक्ष में अपील भोजपुरी भाषा में होने के नाते विज्ञापन के रूप में छपवाने की स्वीकृति भाजपाई सत्ता के इशारे पर स्वीकृत नहीं की गई। यह भोजपुरी भाषा, क्षेत्र तथा भोजपुरी लोगों का घोर अपमान है। पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कर्मों के कारण जिसमें पूरे वाराणसी को उन्होंने काशी की धार्मिक नगरी को पर्यटन की नगरी बना दिया है। जहां अब दर्शन के लिए भी पैसा लिया जाता है। कोई नया विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया, कोई ऐसा कारखाना नहीं बनाया जिससे लोगों को रोजगार मिलता। नेहरू द्वारा बनाये गये डी0एल0डब्लू0 का नाम बदल दिया और उसी में रहते हैं।

# संपादकीय

## देश में खेल क्रांति संभव

देश की दो कम उम्र बेटियों ने ऐसा कमाल किया है, जिसे वर्षो भुलाया नहीं जा सकेगा। मात्र 15 साल की प्रीति स्मिता भोई ने विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप में 40 किलो वर्ग के क्लीन और जर्क में 76 किलो वजन उठाने का विश्व यूथ रिकॉर्ड बनाने के साथ कुल 133 किलो वजन उठाया।

वहीं 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने नेपाल की तरफ से एवरेस्ट पर सफल अभियान किया है। वह यह उपलब्धि पाने वाली देश की सबसे छोटी पर्वतारोही हैं। इन दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि कोई बात मन में ठान ली जाए तो उसे पूरा किया जा सकता है।

प्रीति स्मिता ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने मात्र दो साल की उम्र में ही पिता को खो दिया था। पर मां ने अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का बलिदान दिया और उसका केंद्रीय विद्यालय में दाखिला करा दिया।

वहां कोच गोपाल कृष्ण दास की उनके ऊपर निगाह पड़ी तो उन्होंने प्रीति को वेटलिफ्टर बनने की सलाह दी। और आज हमारे सामने विश्व रिकॉर्डधारी खड़ी है। वहीं काम्या एक सपन्न परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

उनके पिता एस कार्तिकेयन नौसेना में कमांडर हैं। पिता ने बेटी को इस क्षेत्र में आगे बढने के लिए भरपूर साथ दिया है। वह इस अभियान में भी काम्या के साथ एवरेस्ट तक गए थे। मुंबई के नौसेना विद्यालय में 12वीं में पढने वाली काम्या ने नेपाल की तरफ से सफल अभियान करके सबसे कम उम्र में अभियान पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों प्रदर्शन यह जताते हैं कि भारत में विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं की तो कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें आगे लाने की है।

हमारे यहां पहले भी तमाम युवाएं प्रतिभाएं कमाल करती रहीं हैं। पर इस तरह के मामले में अक्सर खिलाड़ी अपनी इच्छा शक्ति के दम पर तमाम मुश्किलों का सामना करके आगे आते रहे हैं। हमने धाविका हिमा दास जैसे तमाम एथलीटों को घर से प्रशिक्षण स्थल तक पहुंचने में तमाम बाधाओं को पार करने की तमाम कहानियां पढ़ी हैं।

अगर देश में दूरस्थ स्थानों तक खेल सुविधाओं का नेटवर्क फैलाया जाए तो देश में खेल क्रांति संभव है। हम यदि ऐसा कर सके तो दो–तीन दर्जन पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को चार चांद लगते देख सकेंगे।

## हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे

योगेश कुमार गोयल

जीव–जंतु तथा पेड़–पौधे भी मनुष्यों की ही भांति धरती के अभिन्न अंग हैं, लेकिन मनुष्य ने अपने स्वाथरे तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को उजाड़ा, बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है।

धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम कहा जाता है, लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं, या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनिया भर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव–जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षो से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।

वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव–जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन–पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलाप तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनिया भर में जीव–जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव–जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है।

दरअसल, वनस्पतियों और जीव–जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख–भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव–जंतु और पेड़–पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव–जंतुओं के आशियाने बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव–जंतुओं तथा पेड़–पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायरू पौधों और जीव–जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक आश्रय स्थल के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। जीव–जंतुओं तथा पेड़–पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव–विविधता के मुद्दे पर लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल, 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव–विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस 'योजना का हिस्सा बनें' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव– विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं।धरती पर पेड़–पौधों की संख्या तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि पेड़–पौधों तथा जीव–जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के दौर में पर्यावरण तथा जीव–जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो।दरअसल, बढ़ती आबादी तथा बढ़ते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रेतों तक को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन असंभव है। अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिडिया, मोर, तीतर, बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसान हितैषी पक्षी–पखेरू तेजी से लुप्त होने के कगार हैं, तो समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

# आई पीएल के बाद अब टी 20 वर्डकप में बल्ला चलेगा दनादन

भारत के दो सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह आईसीसी का आखिरी विश्व कप हो सकता है। कोहली 35 तो रोहित 37 साल के हैं। इन दोनों के पास टीम इंडिया को आईसीसी ट्राफी दिलाने का यह अंतिम मौका हो सकता है। नए चौम्पियन के साथ ही आईपीएल. 17 का समापन हो गया। अब 2 जून से अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले टी.20 विश्व कप का आगाज होगा। 20 ओवरों के मैच में दनादन चौके व छक्के लगते हैं। तो अब खेल प्रेमियों का एक महीने और मनोरंजन होगा। आईपीएल दो महीने तक चला। विश्व कप का फाइनल 29 जून को ब्रिजटाउन में खेला जाएगा। भारत ने 2007 में धोनी की कप्तानी में पहला टी.20 विश्व कप जीता था। उस टीम में मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा शामिल थे। इसके बाद 17 साल से भारत के हाथ में यह कप नहीं आ पाया है। देखना है कि यह लंबा सूखा 2024 में खत्म हो पाता है या नहीं। दो साल पहले पिछले विश्व कप में भारत सेमी फाइनल में पहुंच गया था लेकिन इंग्लैंड से शर्मनाक हार के बाद ट्राफी जीतने का सपना टूट गया। टीम में कुछ बदलाव के साथ नई चुनौती से निपटने के लिए हमारी टीम अमेरिका में पहुंच कर अभ्यास कर रही है। आईपीएल के विजेता का फैसला 26 मई की रात को हुआ जब कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा कर खिताबी जीत हासिल कर ली। यह कोलकाता की तीसरी आईपीएल ट्राफी है। इससे पहले 2012 और 2014 में यह टीम चौम्पियन बनी थी। लीग चरण में धुआंधार बल्लेबाजी करने वाले हैदराबाद के बल्लेबाज फाइनल में नाकाम रहे। दरअसल, यह मैच एकतरफा हो गया और फाइनल का रोमांच देखने को नहीं मिला। हैदराबाद की टीम महज 113 रन पर सिमट गई। यह आईपीएल के फाइनल का सबसे कम स्कोर है। हैदराबादी बल्लेबाज पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाए। केकेआर ने इस आसान लक्ष्य को 11वें ओवर में ही पूरा कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस हैदराबाद के कप्तान थे लेकिन वह अपनी टीम को खिताब नहीं दिला सके। जबकि उनके ही देश के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कोलकाता की ओर से खेल रहे थे। इस आईपीएल के वह सबसे महंगे खिलाड़ी थे। कोलकाता ने स्टार्क को 24.75 करोड़ में खरीदा था। लीग चरण में उनका प्रदर्शन कोई खास नहीं था लेकिन प्ले ऑफ और फाइनल में उन्होंने कमाल दिखा दिया। स्टार्क ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा को आउट करके हैदराबाद को झटका दे दिया। कोलकाता के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को रन नहीं बनाने दिए और नतीजा अपने पक्ष में कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर का खुद का प्रदर्शन जोरदार नहीं था लेकिन साथी खिलाडिय्यों सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर और आन्द्र रसेल की बदौलत वह कोलकाता को विजय दिला गए। कोलकाता की जीत में इसके मेंटर गौतम गंभीर की भूमिका खास रही। वह कोलकाता टीम के कप्तान रह चुके हैं। बीच में दो साल वह लखनऊ से जुड़ गए थे। मगर, वापस कोलकाता को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस कामयाबी के बाद भारतीय टीम के नए कोच के रूप में गंभीर का नाम भी लिया जा रहा है। भारत के दो सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह आईसीसी का आखिरी विश्व कप हो सकता है। कोहली 35 तो रोहित 37 साल के हैं। इन दोनों के पास टीम इंडिया को आईसीसी ट्राफी दिलाने का यह अंतिम मौका हो सकता है। आम तौर पर इस उम्र में खिलाड़ी संन्यास ले लेते हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि ये दोनों दिग्गज इस बार भारत को चौम्पियन बनाने के लिए पूरा जोर लगा देंगे। आईपीएल में विराट कोहली अच्छी फार्म में दिखे थे। उन्होंने सर्वाधिक 741 रन बना कर ऑरेंज कैप भी जीती है। हालांकि, वह अपनी बेंगलुरू की टीम को आईपीएल का खिताब नहीं दिला सके। मगर, उनके बल्ले से




खूब रन निकले। रोहित मुंबई टीम में थे, उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें हटाकर हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाने से कई तरह के विवाद भी सामने आए। खैर, अब विश्व कप में नई चुनौती है। पांड्या उप कप्तान हैं। आईपीएल में उनका भी प्रदर्शन खराब रहा। यही वजह है कि मुंबई की टीम सबसे आखिरी पायदान पर रही। क्या धोनी ने खेल ली अंतिम पारी

आईपीएल .2024 को महेन्द्र सिंह धोनी के लिए याद रखा जाएगा। भारत के इस चमकते सितारे ने संभवतरू अपना आखिरी मैच खेल लिया है। आईपीएल के 17 सालों के इतिहास में धोनी ने कोई भी सत्र मिस नहीं किया। वह चेन्नई सुपर किंग्स की जान थे। उनके बिना इस टीम की कल्पना नहीं की जा सकती। मगर, हर खिलाड़ी का एक समय आता है जब उसे अलविदा कहना पड़ता है। 42 साल के धोनी के लिए यह समय आ गया है। हालांकि, अभी यह अटकलें ही हैं क्योंकि धोनी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सीएसके के सीईओ ने कहा है कि वह धोनी को 2025 में भी खेलते देखना चाहेंगे। मगर, इस सत्र में दिखा कि देश का यह पूर्व कप्तान थक चुका है। बैटिंग आर्डर में वह काफी नीचे सातवें या आठवें नंबर पर आ रहे थे। इससे यह संकेत मिला कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। यही नहीं, उन्होंने इस सत्र में कप्तानी का भार युवा रुतुराज गायकवाड़ को सौंप दिया था ताकि उनकी निगरानी में चेन्नई को नया कप्तान मिल सके। हालांकि, उनकी टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी लेकिन सभी ने धोनी को आखिरी बार मैदान पर बल्लेबाजी करते हुए देखा। यह बड़ा भावुक पल था।दिनेश कार्तिक ने लिया संन्यास बेंगलुरू टीम के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का यह आखिरी आईपीएल था। 22 मई को राजस्थान रायल्स के खिलाफ उन्होंने एलिमिनेटर मैच खेलने के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया। धोनी की तरह वह भी 17 साल पहले आईपीएल के प्रारंभ से ही खेल रहे थे। 38 वर्षीय कार्तिक को अपने करियर के अंत में एक फिनिशर के रूप में जबरदस्त सफलता मिली। उन्होंने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी.20 मैच खेले। दरअसल, धोनी के कारण उन्हें भारतीय टीम की तरफ से खेलने के मौके कम मिले। बतौर विकेटकीपर धोनी पहली पसंद थे। आईपीएल में उन्होंने छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5 हजार से अधिक रन बनाए। वह एक सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान भी रहे। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी का कॅरियर 20 साल तक रहा। पिछले टी.20 विश्व कप में कार्तिक भारतीय टीम में शामिल थे। इस बार उनका चयन नहीं हुआ। बल्लेबाजों ने जमाया रंग इस बार के आईपीएल में कुछ नए युवाओं ने अपने खेल से मन मोह लिया है। इसमें दो नाम प्रमुखता से लिये जा सकते हैं। राजस्थान रायल्स के रियान पराग और हैदराबाद टीम के अभिषेक शर्मा ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पराग ने राजस्थान को प्ले ऑफ तक पहुंचाने में काफी मदद की। उसके बल्ले से कुल 573 रन बने। इस प्रदर्शन के बाद उसका भी भारतीय टीम में आने का दावा मजबूत हो गया है। बाएं हाथ के बैटर अभिषेक ने हैदराबाद के लिए

# सवा दो महीने की चुनाव यात्रा में हमने देश को प्रभावित करने वाले असल मुद्दों पर जनता की राय जानी

अपनी चुनाव यात्रा के दौरान दस ऐसे बड़े मुद्दों को पहचाना जिसका पूरे भारत में असर रहा। हमने यह भी जाना कि ऐसे कौन–से दस बड़े मुद्दे रहे जिनके इर्दगिर्द पूरा चुनाव प्रचार केंद्रित रहा। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लगभग दो महीने तक चले प्रचार अभियान के दौरान तमाम तरह के मुद्दे उभर कर आये और देखा जाये तो हर चरण के मुद्दे अलग–अलग रहे। प्रभासाक्षी ने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान दस ऐसे बड़े मुद्दों को पहचाना जिसका पूरे भारत में असर रहा। हमने यह भी जाना कि ऐसे कौन–से दस बड़े मुद्दे रहे जिनके इर्दगिर्द पूरा चुनाव प्रचार केंद्रित रहा। नेता चाहे किसी भी दल के रहे हों उनके भाषणों और वादों में इन मुद्दों का कहीं ना कहीं जिक्र जरूर रहा। आइये नजर डालते हैं इन मुद्दों पर–मुफ्त रेवड़ी– मुफ्त रेवड़ियां ऐसा विषय रहा जो सभी पार्टियों के वादों में किसी ना किसी रूप से शुमार रहा। भाजपा ने मुफ्त राशन अगले पांच साल तक देते रहने का वादा किया हालांकि पार्टी का कहना है कि यह मुफ्त रेवड़ी की श्रेणी में नहीं आता। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने अपने घोषणापत्रों और जनता से किये गये वादों में तमाम चीजें मुफ्त में देने का वादा किया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह पैसा कहां से आयेगा। तुलनात्मक रूप से अध्ययन करें तो यह देखने को मिलता है कि मुफ्त सौगातों के वादे सबसे कम भाजपा ने ही किये हैं। इन मुफ्त सौगातों को लेकर देश की जनता भी बंटी हुई नजर आई है। अधिकांश लोगों का कहना था कि हमें मुफ्तखोर बनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि हमें आत्मनिर्भर बनाये। कई लोगों का कहना था कि मुफ्त की चीजें सबसे ज्यादा जरूरतमंद व्यक्ति को ही मिलनी चाहिए क्योंकि यह एक तरह से करदाताओं के पैसे की बर्बादी है। कुछ लोगों का कहना था कि सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त होनी चाहिए बाकी कुछ भी मुफ्त नहीं होना चाहिए। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि मुफ्त चीजें बांटने की जगह महंगाई को कम कर देना चाहिए। विकसित भारत– लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर में निकाली गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये देश का यह महत्वाकांक्षी मिशन पूरे भारत के कोने–कोने तक पहुँच चुका था। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष लाल किले की प्राचीर से दिये अपने भाषण में भी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही थी इसलिए जनता इसको लेकर पूरी तरह जागरूक थी। जब हमने देशव्यापी यात्रा की तो पाया कि इस संकल्प के सिद्ध होने में किसी को कोई शक नहीं था बल्कि लोग इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए अपने तमाम तरह के सुझाव देते दिखे। लोगों का कहना था कि हमने पिछले दस सालों में यह महसूस कर लिया है कि हम कुछ भी कर सकते हैं। हम 11वीं से अगर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं, हम चंद्रमा के दक्षिणी पोल पर पहुँचने वाला पहला देश बन सकते हैं, हम महामारी के समय कुशलता के साथ उसका सामना कर सकते हैं, हम महामारी के समय नेगेटिव में चली गयी विकास दर को चंद महीनों में दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना सकते हैं तो हम विकसित भारत भी बन सकते हैं। संविधान और लोकतंत्र को खतरा– विपक्ष ने चुनाव की शुरुआत से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जिस बात को लेकर सबसे ज्यादा हमले किये वह थे संविधान और लोकतंत्र को खतरे में बताना। विपक्ष की ओर से यह बात फैलाई गयी कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गयी और मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन गये तो यह आखिरी चुनाव होगा और भारत में भी रूस और उत्तर कोरिया जैसा शासन हो जायेगा। जब हमने ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जनता का मन टटोला तो खासतौर पर पिछड़े वर्ग के लोगों ने कहा कि हमें सड़क और बिजली नहीं चाहिए पर संविधान में हमें जो अधिकार दिये गये हैं वह नहीं खत्म होने चाहिए। हमने पाया कि विपक्ष ने जो भ्रम फैलाया था कि यदि भाजपा फिर सत्ता में आई तो गरीबों और पिछड़ों के अधिकार छीन लेगी उसका निचले स्तर पर काफी असर हो रहा था। इस भ्रम को दूर करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से कोई प्रयास भी नहीं किये जा रहे थे जिससे भाजपा को नुकसान की संभावना हमें दिखाई दी। हालांकि इस मुद्दे को लेकर अधिकांश लोगों का कहना था कि संविधान और लोकतंत्र को कोई खत्म नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसे प्रयास किये तो जनता सड़कों पर उतर आयेगी। लोगों ने कहा कि कृषि कानूनों को वापस लेने वाली मोदी सरकार जनता की ताकत जान गयी है और उसे पता है कि संसद में बहुमत के दम पर तानाशाही या मनमानी नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार विरोधी अभियान– देश भर में भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों को लेकर विपक्ष का आरोप था कि उसे परेशान किया जा रहा है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्ष ने ईडी–सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जनता से समर्थन भी मांगा लेकिन जब हमने जनता से बात की तो सभी का यह कहना था कि यह बहुत अच्छा काम हो रहा है। जनता ने कहा कि हमने मोदी सरकार को जनादेश इसी बात का दिया था कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। लोगों ने कहा कि पहले हम नेताओं के करोड़ों रुपए के घोटालों की खबरें जब पढ़ते थे तो उसमें घोटाला की गयी रकम के शून्य गिनते रह जाते थे लेकिन अब टीवी पर दिखाई भी देता है कि कितनी रकम पकड़ी गयी है और कैसे नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते गिनते गर्म होकर बंद हो जा रही हैं। लोगों ने कहा कि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का ही नतीजा है कि काला धन कम हुआ है। लोगों ने कहा कि ईडी–सीबीआई का डर नेताओं के मन में बैठना देश के लिए अच्छा है। परिवारवाद– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव अभियान की शुरुआत परिवारवादी नेताओं पर प्रहार के साथ की थी जिसके बाद आरोप लगाया गया कि मोदी परिवार का महत्व क्या जानें क्योंकि उनका कोई परिवार ही नहीं है। इसके बाद भाजपा ने श्मैं हूँ मोदी का परिवारश अभियान चला दिया और देखते ही देखते राष्ट्रव्यापी मोदी का परिवार खड़ा हो गया। भाजपा नेताओं ने परिवारवाद पर जिस प्रकार हमले किये उसके चलते जनता के बीच यह बड़ा मुद्दा तो बना ही साथ ही परिवारवादी दलों के भीतर भी इसको लेकर घमासान मचा। जब भी परिवार आधारित दलों के उम्मीदवारों की सूची आई तो उसमें परिवार के कई लोगों का नाम रहने के चलते पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता नाराज होकर दूसरे दलों में चले गये। इन लोगों का कहना था काम करने के लिए जिन लोगों की सूची आती है उनमें हमारा नाम शीर्ष पर होता है लेकिन जब चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची आती है तो हम उसमें नहीं होते। हमने यह भी पाया कि परिवार आधारित दलों के पारिवारिक गढ़ के रूप में विख्यात संसदीय क्षेत्रों में अब परिवार के प्रति मोह कम होता जा रहा है। महंगाई– महंगाई इस चुनाव में एक बड़े मुद्दे के रूप में उभरी। देखा जाये तो इसको लेकर भाजपा को कहीं–कहीं रक्षात्मक मुद्रा भी अपनानी पड़ी। हालांकि भाजपा को जो कोर वोट बैंक है उसको इससे ज्यादा फर्क नहीं दिखा और उसका कहना था कि जब आमदनी बढ़ी है तो महंगाई भी बढ़ी है। भाजपा समर्थकों का कहना था कि वैश्विक चुनौतियों के बीच दुनिया भर में सबसे कम महंगाई भारत में ही है। उनका कहना था कि हमारे पड़ोसी देश दिवालिया हो रहे हैं और हम तेजी से तरक्की कर रहे हैं जिसका सीधा अर्थ यही है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियां बहुत अच्छी हैं। हालांकि आम जनता रोजमर्रा के सामान की बढ़ती कीमतों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बढ़ते खर्च, तमाम वस्तुओं पर जीएसटी की ज्यादा दरों को लेकर नाराज नजर आई और सरकार से मांग की कि उसे इस ओर ध्यान देना चाहिए। हालांकि महंगाई को लेकर कहीं ऐसा नहीं दिखा कि जनता सरकार बदलने के मूड़ में है। बेरोजगारी– बेरोजगारी का विषय भी इस चुनाव में काफी छाया रहा। इस विषय के साथ पेपर लीक जैसी विकराल होती समस्या और कौशल की कमी जैसे मुद्दे भी जुड़े रहे। कांग्रेस ने श्पहली नौकरी पक्कीश जैसा बड़ा वादा किया था लेकिन इसका कोई खास असर होता नहीं दिखा। युवाओं का कहना था कि हमें ऐसा अस्थायी अवसर नहीं बल्कि जीवन में स्थायित्व चाहिए। युवाओं का कहना था कि हमें दस हजार की नौकरी नहीं बल्कि बेहतर अवसर चाहिए। युवाओं का यह भी कहना था कि पिछले दस सालों में नौकरियों में भ्रष्टाचार कम हुआ है और अब नौकरी हासिल करने के लिए रिश्वत नहीं देनी पड़ती। युवाओं का कहना था कि सरकारी नौकरियों में भर्तियां नहीं निकल रही हैं और राजनीति के चक्कर में निजी निवेश प्रभावित हो रहा है जिससे अवसर कम हो रहे हैं। युवाओं का कहना था कि सरकार को चाहिए कि उद्योग स्थापित होने के प्रोत्साहित करे क्योंकि निजी क्षेत्र ही बेरोजगारी की समस्या दूर कर सकता है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन आपके जीवन में नई खद्धुशी लेकर आएगा। व्यापार में निवेश के लिए आज पूरा दिन आपके पक्ष में रहेगा। घर में किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार के माहौल में उत्साह रहेगा। छात्रों को पढ़ाई के मामले में लापरवाही से बचना चाहिए, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलाने के योग बने हुए हैं।

वृष राशि–आज आपके दिन की शुरुआत नई उमंगों के साथ होगा। घर के लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र आज अपने सीनियर्स से प्रोजेक्ट को पूरा करने में मदद लेंगे। आज स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको काफी आराम मिलेगा।

मिथुन राशि–आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको बहुत खद्धुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। हार्ट की समस्या से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार बनाएंगे।

कर्क राशि–आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशियाँ लाएगा। आज ऑफिस में आपका प्रोमोशन होगा। ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को आज किसी कस्टमर से अच्छा मुनाफा होगा। रिश्तेदारों से आपकी आज फोन पर लंबी बात होगी। मां अपने बच्चों की मनपसंद डिश बनाएंगी।

सिंह राशि–आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों का आज पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपके जीवन में खुशी बनी रहेगी। फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा में शामिल हो सकते हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने जाने का मन बनाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कन्या राशि–आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। बिजनेस में आज अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपको कार्य करने का तरीका सिखाएगी। आज दूसरों को समझाने से पहले खुद की कमियों को देखें। आज आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा, पूजा पाठ का कार्यक्रम करवा सकते हैं।

तुला राशि–आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लाने वाला है। आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आप नए काम करने का मन बनाएंगे। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन का विचार करेंगे। आज आप नया घर खरीदने का प्लान बनाएंगे।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी–छोटी चीजों में खुशियां ढूढेंगे। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों को रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य को सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। नकारात्मक सोंच वाले व्यक्तियों से आप दूरी बना कर रखें, इससे आपके काम में कठिनाइयाँ नहीं होंगी।

धनु राशि–आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। आप को अपने बड़ों से आशीर्वाद मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका पाएंगे।

मकर राशि–आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कुछ दिन पहले जॉब के लिए किये आवेदन का आज अच्छा रेस्पोंस आएगा। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा जिससे अच्छा लाभ होगा। विद्यार्थी आज नया एक्सपेरिमेंट करेंगे। आज आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ राशि–आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बड़ों की सलाह से बिजनेस को नए रास्ते पर लाने का प्रयास सफल होगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आज आप गाड़ी चलाना सिखने का मन बनाएंगे। आज किसी काम में अपनों की मदद मिलेगी जिससे काम आसान हो जाएगा। राजनीति में आपका मान सम्मान बढेगा।

मीन राशि–आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। घर में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। लोहे का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में आज बढ़ोत्तरी होगी। महिलाओं को मार्किट में आज पर्स और ज्वेलरी का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। आपको आज आपकी मनचाही चीज गिफ्ट में मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

# भारत के कई हिस्सों में लू चलने से 54 लोगों की मौत, दिल्ली और आसपास के इलाकों में धूल भरी आंधी की संभावना

31 मई से 1 जून के बीच उत्तर प्रदेश में और 31 मई को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 31 मई से 2 जून के बीच उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ बहुत हल्कीध्हल्की बारिश की भविष्यवाणी की गई थी। मध्य, पूर्वी और उत्तरी भारत में भीषण गर्मी के लगातार जारी रहने से कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई और दिल्ली सहित कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। 31 मई से 1 जून के बीच उत्तर प्रदेश में और 31 मई को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 31 मई से 2 जून के बीच उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ बहुत हल्कीध हल्की बारिश की भविष्यवाणी की गई थी।गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में 79 साल का उच्चतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने के एक दिन बाद ऐसा हुआ। बिहार में लू से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से 17 औरंगाबाद में, छह आरा में, तीन–तीन गया और रोहतास में, दो बक्सर में और एक पटना में हुई। ओडिशा के राउरकेला में 10 लोगों की मौत हो गई। झारखंड



के पलामू और राजस्थान में पांच–पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक की मौत हो गई। इससे पहले बिहार के दरभंगा के रहने वाले 40 साल के एक शख्स की दिल्ली में लू लगने से मौत हो गई थी. उनके शरीर का तापमान सामान्य से लगभग 10 डिग्री अधिक 108 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ने के बाद कई अंगों की विफलता के कारण उनकी मृत्यु हो गई। आईएमडी ने कहा कि गुरुवार को राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कई हिस्सों, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ के अलग–अलग इलाकों में अधिकतम तापमान 45–48 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

# इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा चुनावी मैदान में, बरगारी बेअदबी पर गुस्से का फायदा उठाने की कोशिश

बरगारी में गुरुद्वारे के प्रबंधक करमजीत सिंह ने कहा कि अपवित्रता अभी भी समुदाय को परेशान करती है, क्योंकि अपराधी कभी पकड़े नहीं गए, लेकिन उन्होंने तुरंत कहा कि शांति बनी हुई है।फरीदकोट के बरगारी गांव में कोई विरोध प्रदर्शन और टेंट न होने के बावजूद असहज शांति बनी हुई है। यहीं पर 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान ने पंजाब को हिलाकर रख दिया था। बेहबल कलां गांव में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की गोलीबारी ने आग में घी डालने का काम किया, जिसमें उनमें से दो की मौत हो गई। लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी इसकी आवाज दबी छुपी जुबान से सामने आ ही जाते हैं। गांव में दुकान चलाने वाले गुरचरण सिंह कहते हैं कि मामले में न्याय नहीं मिला है। बरगारी फरीदकोट जिला मुख्यालय के करीब है, जहां 1 जून को लोकसभा चुनाव होने हैं।बरगारी में गुरुद्वारे के प्रबंधक करमजीत सिंह ने कहा कि अपवित्रता अभी भी समुदाय को परेशान करती है, क्योंकि अपराधी कभी पकड़े नहीं गए, लेकिन उन्होंने तुरंत कहा कि शांति बनी हुई है। उनके केबिन में शेल्फ पर मारे गए सिख आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले की तस्वीर रखी हुई है। उस समय गुरुद्वारे के ग्रंथी (पुजारी) बुध सिंह प्रभारी बने हुए हैं। शुरुआती दिनों में उन्हें पूछताछ के लिए उठाया गया, लेकिन जल्द ही छोड़ दिया गया। बुध सिंह के मुताबिक, ज्यादातर लोग इस बेअदबी के पीछे के लोगों को जानते हैं। वह हरियाणा के सिरसा में मुख्यालय वाले डेरा सच्चा सौदा संप्रदाय का संदर्भ देते हैं। उनका कहना है कि दोषियों को पकड़ना पर्याप्त नहीं हैय इसके पीछे के मास्टरमाइंड पर भी मुकदमा चलाया जाना चाहिए। उनके अनुसार, गांव में तंबुओं में धरने पर बैठे सिख कार्यकर्ताओं ने



लगभग छह महीने पहले अपनी लड़ाई छोड़ दी थी। फरीदकोट संसदीय क्षेत्र में फरीदकोट जिले के अलावा मोगा जिला और बठिंडा और श्री मुक्तसर साहिब जिलों का एक–एक विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इंदिरा गांधी के दो हत्यारों में से एक, बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह खालसा के निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरने के बाद एससी–आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र चर्चा में है। सरबजीत ने इससे पहले 2004 के आम चुनाव और 2007 के राज्य चुनावों में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) या एसएडी (ए) के टिकट पर और 2014 के संसदीय चुनावों में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे थे। निर्दलीय उम्मीदवार ने बरगारी अपवित्रीकरण मामले को अपना प्राथमिक अभियान मुद्दा बनाया है और अपने सभी भाषणों में इस मुद्दे का जिक्र कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि मैं आपके निमंत्रण पर यहां आया हूं और मुझे जो प्यार मिला है उससे मैं अभिभूत हूं।

# हमास ने करा दी फूट, नेतन्याहू से गद्दी जाएगी छूट, समय से पहले ही संसद भंग कर इजरायल में हो जाएगा चुनाव ?

इजरायली युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज की सेंट्रिस्ट पार्टी कहा कि उन्होंने संसद को भंग करने और शीघ्र चुनाव कराने के लिए एक विधेयक प्रस्तुत किया है। नेशनल यूनियन पार्टी की प्रमुख पनीना तमानो–शता ने 25वें नेसेट को भंग करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। इजरायल ने अमेरिका की अपील के बावजूद राफा में ऑपरेशन शुरू किया। नतीजतन, अमेरिका ने इजरायल के कुछ हथियारों की शिपमेंट रोक दी। लेकिन फिर भी इजरायल का स्टैंड जस का तस रहा। नेतन्याहू ने हमले में कोई कमी नहीं रखी और अपना आक्रमक रवैया हमास के प्रति जारी रखा। लेकिन अब इजरायल की सियासत में एक नया ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। इजरायल में समय से पहले चुनाव कराने की मांग उठने लगी है। इजरायली मध्यमार्गी पार्टी ने संसद को भंग करने के लिए प्रस्ताव रख दिया है। ऐसे में कहा जा रहा है कि क्या हमास ने इजरायल की सियासत में फूट करा दी है। इजरायली युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज की सेंट्रिस्ट पार्टी कहा कि उन्होंने संसद को भंग करने और शीघ्र चुनाव कराने के लिए एक विधेयक प्रस्तुत किया है। नेशनल यूनियन पार्टी की प्रमुख पनीना तमानो–शता ने 25वें नेसेट को भंग करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। राजनीतिक दल ने एक बयान में कहा कि नरसंहार के एक साल बाद, अक्टूबर से पहले चुनाव के लिए व्यापक समझौते पर आगे बढ़ने के पार्टी नेता मंत्री बेनी गैंट्ज के अनुरोधा का पालन करता है। इस बिल को पेश किए जाने को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार को गिराने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इस महीने, गैंट्ज ने धमकी दी कि अगर नेतन्याहू ने गाजा पट्टी के लिए युद्ध के बाद की योजना को अंतिम रूप नहीं दिया तो वह वॉर कैबिनेट से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने पहले धमकी दी



थी कि अगर राष्ट्रपति ने गाजा युद्ध की योजना नहीं बनाई तो नेतन्याहू का गठबंधन छोड़ दिया जाएगा। चुनाव तुम्हारे हाथ में है। गैंट्ज ने कहा ति आपसे बार–बार बात करने के बाद, सच्चाई का क्षण आ गया है। उन्होंने कार्य योजना को अंतिम रूप देने और युद्ध के छह प्रमुख रणनीतिक लक्ष्यों को अंतिम रूप देने के लिए नेतन्याहू को 8 जून की समय सीमा दी। गैंट्ज नेतन्याहू की सरकार में पिछले साल 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायली समुदायों पर हमास के नेतृत्व वाले हमले के तुरंत बाद शामिल हुए थे, जिसने गाजा में युद्ध को जन्म दिया था। मिली जानकारी के अनुसार गैंट्ज का मध्यमार्गी गुट मार्च में विभाजित हो गया और उनकी पार्टी के पास संसद में इतनी सीटें नहीं हैं कि वह सत्तारूढ़ गठबंधन को गिरा सके। नेतन्याहू की लिकुड ने गैंट्ज के नवीनतम कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इजराइल को एकता की आवश्यकता है और सरकार को भंग करने से युद्ध के प्रयासों को नुकसान होगा।

# महंगाई और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा, खड़गे बोले– इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी देश की जनता

खड़गे ने कहा कि देश की जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी और इंडिया गठबंधन नयी सरकार का गठन करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने विपक्ष एवं कांग्रेस की इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगर मोदी सरकार फिर से आई तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बार महंगाई और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा रहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वह (पीएम मोदी) कुछ भी कहें, देश की जनता ने तय कर लिया है कि वे पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेंगे। इस चुनाव में महंगाई और बेरोजगारी काम



आई है। लोगों के मन में संविधान और लोकतंत्र का मुद्दा भी है। दक्षिण को लेकर उन्होंने कहा कि आंध्र में, उन्हें (भाजपा को) कुछ (सीटें) मिलेंगी लेकिन तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र में...कांग्रेस को फायदा है। खड़गे ने कहा कि यूपी में भी गठबंधन से हमें ज्यादा सीटें मिलेंगी। मुझे लगता है कि गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कई लोग समझ गए हैं कि वे (भाजपा) आरक्षण कैसे खत्म कर रहे हैं। अगर उनकी मंशा अच्छी होती तो वे केंद्र सरकार में 30 लाख रिक्तियां भर देते और आधे से ज्यादा गरीबों, दलितों और पिछड़ों को मिल जातींजब तक इस देश में छुआछूत है और उन्हें (आरक्षित श्रेणियों के लोगों को) समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक आरक्षण रहेगा। खड़गे ने कहा कि देश की जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी और इंडिया गठबंधन नयी सरकार का गठन करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने विपक्ष एवं कांग्रेस की इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगर मोदी सरकार फिर से आई तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने बांटने की कोशिश की लेकिन लोगों ने असली मुद्दों को चुना। उनका कहना था, हमें विश्वास है कि जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी और इंडिया गठबंधन नयी सरकार बनाएगा। उन्होंने महात्मा गांधी के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि या तो प्रधानमंत्री अनजान है या फिर उन्होंने पढ़ा नहीं है।

# पूरी तरह से पलट जाएगा अमेरिका का चुनाव, दोषी पाए गए ट्रंप मुकाबले से बाहर हो जाएंगे ? फिर से बाइडेन सरकार चलाएंगे

ट्रंप के खिलाफ ये मामला 2016 में राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। कोर्ट ने 6 हफ्ते में स्टॉर्मी डेनिल्स के साथ 22 गवाहों को सुना। 12 मेंबर की ज्यूरी ने ट्रंप को दोषी करार दिया है। सजा पर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने फैसले को अपमानजनक बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। हश मनी मामले में डोनाल्ड ट्रंप दोषी करार दिए गए हैं। ट्रंप सभी 34 मामलों में दोषी करार हुए हैं। 11 जुलाई को अब सजा पर सुनवाई होगी। डोनाल्ड ट्रंप दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। डेनिल्स को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए दिए गए। डेनिल्स को चुप कराने और बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी का मामला था। ट्रंप के खिलाफ ये मामला 2016 में राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। कोर्ट ने 6 हफ्ते में स्टॉर्मी डेनिल्स के साथ 22 गवाहों को सुना। 12 मेंबर की ज्यूरी ने ट्रंप को दोषी करार दिया है। सजा पर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने फैसले को अपमानजनक बताया है। ट्रंप के ऊपर फैसला आने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप क्या अब राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने रहेंगे? अमेरिकी संविधान के हिसाब से देखें तो



अभी फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप के लिए कोई दिक्कत नहीं है। अमेरिकी संविधान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए केवल तीन योग्यताएं निर्धारित करता हैरू उनकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए, प्राकृतिक रूप से जन्मा नागरिक होना चाहिए और कम से कम 14 वर्षों से अमेरिका में रहना चाहिए। न तो कोई आपराधिक दोषसिद्धि और न ही जेल की सजा ट्रम्प को अपने अभियान को आगे बढ़ाने से अयोग्य ठहराएगी। भले ही ट्रंप जेल चले जाएं, जिसकी संभावना कम है, क्योंकि उन्हें एक अहिंसक अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, वह पहली बार अपराधी हैं और बुजुर्ग हैं, फिर भी वह चुनाव प्रचार कर सकेंगे और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकेंगे। फैसले पर ट्रंप का आया रिएक्शनट्रंप ने उनके खिलाफ फैसला सुनाए जाते ही कहा कि यह शर्मनाक है। यह एक विवादित न्यायाधीश द्वारा की गई दोषपूर्ण, भ्रष्ट सुनवाई थी। उन्होंने कहा कि असली फैसला पांच नवंबर को लोग सुनाएंगे। वे जानते हैं कि यहां क्या हुआ और हर कोई जानता है कि यहां क्या हुआ। उन्होंने कहा कि मैं निर्दोष हूं। मैं अपने देश के लिए लड़ रहा हूं। मैं अपने संविधान के लिए लड़ रहा हूं। हमारे पूरे देश में इस समय धांधली हो रही है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह शर्मनाक हैं और इसके खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। हम अंत तक लड़ेंगे और हम जीतेंगे क्योंकि हमारा देश नरक में चला गया है।2 016 का मामला ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पॉर्न स्टार को इसका भुगतान किया। कैंपेन पर पड़ेगा निगेटिव इम्पैक्ट इसका प्रभाव पड़ेगा और एक उम्मीदवार के रूप में उन्हें नुकसान हो सकता है।

# वो खुद मीडिया से बात कर रही हैं, स्वाति मालीवाल की पहचान उजागर किए जाने के खिलाफ पीआईएल खारिज एचसी ने की खारिज

कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर पीड़ित मालीवाल मीडिया चौनलों पर जाकर मामले के बारे में बात कर रही हैं तो सिंह के पास जनहित याचिका दायर करने का क्या अधिकार है। पीठ ने कहा कि इस याचिका में राजनीतिक रंग है। यह बहुत स्पष्ट है. आपने यह केवल प्रचार के लिए किया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की कथित संलिप्तता वाले मारपीट मामले में स्वाति मालीवाल का नाम प्रसारित करने से मीडिया को रोकने के लिए जनहित याचिका दायर करने वाले वकील पर शुक्रवार को नाराजगी जाहिर की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका दायर करने के लिए याचिकाकर्ता वकील संसेर पाल सिंह को फटकार लगाते हुए टिप्पणी की कि याचिका के पीछे राजनीतिक रंग है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर पीड़ित मालीवाल मीडिया चौनलों पर जाकर मामले के बारे में बात कर रही हैं तो सिंह के पास जनहित याचिका दायर करने का क्या अधिकार है। पीठ ने कहा कि इस याचिका में राजनीतिक रंग है। यह बहुत स्पष्ट है. आपने यह केवल प्रचार के लिए किया है। कोर्ट की टिप्पणी के बाद सिंह ने याचिका वापस ले ली। मालीवाल की लिखित शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने 13 मई को केजरीवाल से उनके आवास पर



मिलने जाने पर उनके साथ मारपीट की थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। सिंह मीडिया हाउस ईटीवी भारत, गुजरात समाचार और इंडिया टुडे के साथ–साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा, एक्स और व्हाट्सएप की कार्रवाई से व्यथित थे। उनका मामला था कि एफआईआर की प्रति समाचार चौनलों, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से सार्वजनिक रूप से प्रसारित की

जा रही थी। ऐसी एफआईआर की सामग्री के साथ नाम का खुलासा करना निश्चित रूप से एक महिला की गरिमा को कम करता है।

# आप के खिलाफ बीजेंपी का प्रदर्शन, वीरेंद्र सचदेवा बोले– यह केजरीवाल सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में जल संकट अरविंद केजरीवाल के कुप्रबंधन का नतीजा है। उन्होंन कहा कि वे 2000 रुपये का जुर्माना लगा रहे हैं, यह जुर्माना नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार करने का एक और तरीका है। ये टैंकर माफियाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। दिल्ली भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर शहीदी पार्क से दिल्ली सचिवालय तक प्रदर्शन मार्च निकाला। नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने कहा कि आप सरकार ने कृत्रिम जल संकट पैदा कर दिया है। दिल्ली जल बोर्ड 2013 में 600 करोड़ रुपये के फायदे में था। फिलहाल यह




73,000 करोड़ रुपये के घाटे में है। अरविंद केजरीवाल की सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में जल संकट अरविंद केजरीवाल के कुप्रबंधन का नतीजा है। उन्होंन कहा कि वे 2000 रुपये का जुर्माना लगा रहे हैं, यह जुर्माना नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार करने का एक और तरीका है। ये टैंकर माफियाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। अरविंद केजरीवाल का हर विधायक टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर दिल्ली की जनता को पानी बेच रहा है और उन्हें लूट रहा है। दिल्ली सरकार ने जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने शीर्ष अदालत से कहा कि भीषण गर्मी के कारण शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्य हरियाणा को एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया जाना चाहिए। दिल्ली सरकार ने कहा कि राजधानी की पानी की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में काम करना सभी की जिम्मेदारी है।

# परसों मैं जेल जा रहा हूं, दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा, सरेंडर से पहले केजरीवाल ने जारी किया मैसेज

केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन का समय दिया था. परसों मैं वापस तिहाड़ जेल जाऊंगा. मुझे नहीं पता कि इस बार ये लोग मुझे कब तक जेल में रखेंगे। लेकिन मेरा हौसला बुलंद है। मुझे गर्व है कि मैं देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह रविवार को तिहाड़ जेल में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करेंगे। आम आदमी पार्टी प्रमुख, जो इस समय दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में 21 दिन की अंतरिम जमानत पर हैं, ने दावा किया कि उनके शरीर में हाल ही में एक गंभीर बीमारी के लक्षण दिखे हैं, उन्होंने चिकित्सा परीक्षणों की आवश्यकता पर जोर दिया। केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन का समय दिया था. परसों मैं वापस तिहाड़ जेल जाऊंगा. मुझे नहीं पता कि इस बार ये लोग मुझे कब तक जेल में रखेंगे। लेकिन मेरा हौसला बुलंद है। मुझे गर्व है कि मैं देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। उन्होंने कई तरह से मुझे तोड़ने की कोशिश की, मुझे चुप कराने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए।

# हमारा रिश्ता लोगों को मसाला... विराट कोहली के साथ रिश्ते पर बोले गौतम गंभीर

गौतम गंभीर ने विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, मेरा विराट कोहली के साथ रिश्ता ऐसा है जिसे इस देश को जानने की जरूरत नहीं है। उसे भी उतना ही अधिकार है जितना मुझे है। केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर ने विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते को लेकर बड़ा बयान दिया है। आईपीएल 2024 में गंभीर नए रोल में नजर आए थे। केकेआर के सीजन शुरू होने से पहले उन्हें टीम का मेंटॉर बनाया था। अपने पहले ही कार्यकाल में उन्होंने कोलकाता को चौंपियन बना दिया। आईपीएल के 17वें सीजन में एक मैच के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर की मुलाकात ने काफी सुर्खियां बटोरी थी। दोनों मैच के दौरान मैदान के बीच में गले मिले थे, जिसे देखकर हर कोई थोड़ा हैरान रह गया था, क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों के बीच मनमुटाव था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। ट्रॉफी जीतने के बाद गौतम गंभीर ने स्पोर्ट्सकीड़ा से बातचीत में कहा कि, मेरा विराट कोहली के साथ रिश्ता ऐसा है जिसे इस देश को जानने की जरूरत नहीं है। उसे भी उतना ही अधिकार है जितना मुझे है कि वह अपनी बात रखे और अपनी –अपनी टीमों को जीत दिलाने में मदद करे। हमारा रिश्ता लोगों को मसाला देने का नहीं है।




आईपीएल 2023 में कोहली और गौतम गंभीर के बीच काफी बहस हुई थी। नवीन उल हक के साथ हुई नोकझोक बड़ा मुद्दा बन गई थी। मैच के बाद मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ी बीच बचाव करते हुए नजर आए। इस दौरान गंभीर और कोहली के बीच काफी तीखी बहस हुई थी। जिसके बाद कयास लगाए कि शायद इनके बीच अनबन खत्म नहीं होगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और दोनों ने इस सीजन एक दूसरे के लिए सम्मान दिखाया। गौतम गंभीर जल्द ही भारतीय टीम में नए रोल में नजर आ सकते हैं।

# न्यूयार्क में टीम इंडिया को नहीं मिल रहे प्रैक्टिस के पूरे इंतजाम, रोहित–द्रविड़ ने जताई नाराजगी

कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा न्यूयॉर्क के कैंटियाग पार्क में आयोजित किए गए इस अभ्यास सत्र में टीम को दी गई सुविधाओं से खुश नहीं हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी बुधवार दोपहर को नेट सत्र के लिए एकत्र हुई और अस्थायी स्थल पर उपलब्ध 6 ड्रॉप–इन पिचों में से तीन का इस्तेमाल किया। टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत होने में अब बस एक दिन शेष है, इससे पहले मेगा इवेंट के लिए भारतीय टीम ने अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। हालांकि, कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा न्यूयॉर्क के कैंटियाग पार्क में आयोजित किए गए इस अभ्यास सत्र में टीम को दी गई सुविधाओं से खुश



नहीं हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी बुधवार दोपहर को नेट सत्र के लिए एकत्र हुई और अस्थायी स्थल पर उपलब्ध 6 ड्रॉप–इन पिचों में से तीन का इस्तेमाल किया। अभ्यास सत्र से जुड़े एक करीबी सूत्र ने न्यूज 18 से कहा कि, पिचों से लेकर अन्य सुविधाओं तक सब कुछ अस्थायी है। ये कहना चाहिए कि यहां सब कुछ बहुत औसत है। टीम ने अपनी चिंताओं को उठाया है। हालांकि, आईसीसी ने किसी भी टीम द्वारा कैंटियाग पार्क में अभ्यास सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत या चिंता व्यक्त नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं के अलावा कार्यक्रम स्थल पर भोजन की व्यवस्थान भी उचित नहीं थी। कवर कर रहे पत्रकारों को डिब्बों में खाना परोसा गया और खिलाड़ी भी खुश नहीं थे। बीसीसीआई की ओर से भी खान की चिंता जताई गई। भारत अपना एकमात्र अभ्यास मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और तब तक कैंटियाग पार्क में मिल रही सुविधाओं का इस्तेमाल करेगा। उसके बाद भी यही टीम इंडिया के लिए एकमात्र ट्रेनिंग शिविर स्थल होगा क्योंकि टीम को कनाडा के खिलाफ

आखिरी गे के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले अपना चार ग्रुप मैचों में से तीन पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में ही खेलने हैं।

# यशस्वी जायसवाल को बड़ा फायदा, टी20 वर्ल्ड कप से पहले आईसीसी रैंकिंग में छठे पायदान पर पहुंचे

टी20 वर्ल्ड कप से पहले ये टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, भारतीय टीम के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ी छलांग लगाई है। यशस्वी आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले नंबर पर बने हुए हैं। टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज तैयार है। इस टूर्नामेंट का आगाज 2 जून से हो रहा है। वहीं, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ 5 जून को करेगी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की टीमें 9 जून को आमने–सामने होगी। बहरहाल, इस टूर्नामेंट से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, भारतीय टीम



के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ी छलांग लगाई है। यशस्वी आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले नंबर पर बने हुए हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रेविस हेड को आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ा फायदा मिला है। दरअसल, ट्रेविस हेड रैंकिंग में 16वें नंबर पर काबिज हैं। साथ ही वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स और ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड की रैंकिंग में सुधा हुआ है। भारतीय टीम के ताबड़तोड़ फिनिशर रिंकू सिंह और आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में 32वें नंबर पर काबिज है। वहीं आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में भारतीय टीम पहले नंबर काबिज है। इसे अलावा ऑस्ट्रेलिया 257 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम इंडिया के 264 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। इस तरह भारत और ऑस्ट्रेलिया के 7 रेटिंग प्वॉइंट्स का अंतर है।

# पूरन, पावेल के अर्धशतकों से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को हराया

निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। पोर्ट आफ स्पेन। निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन (पांच चौके, आठ छक्के) और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन (चार चौके, चार छक्के) की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाये। शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये। जवाब में आस्ट्रेलिया के लिये जोश इंगलिस ने 30 गेंद में 55 रन और नाथन एलिस ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस,



कैमरन ग्रीन और ट्रेविस हेड की कमी खली जो अभी तक आईपीएल खत्म होने के बाद यहां पहुंचे नहीं हैं। अन्य मैच में नामीबिया ने पापुआ न्यू गिनी को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी की टीम सात विकेट प 109 रन ही बना सकी। नामीबिया ने 16 . 5 ओवर में छह विकेट पर 93 रन बना लिये थे जब बारिश शुरू हुई। उस समय टीम डकवर्थ लुईस प्रणाली से आगे थी। डल्लास में कनाडा और नीदरलैंड के बीच मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया।

# कम्पाला की झुग्गियों से टी20 विश्व कप तक लंबा सफर तय किया युगांडा के क्रिकेटरों ने

कम्पाला में करीब 60 फीसदी आबादी झुग्गियों में रहती है और तेज गेंदबाज जुमा मियागी उनके लिये प्रेरणास्रोत हैं। फुटबॉल के शौकीन यहां के निवासी उनकी वजह से चाव से क्रिकेट देखते हैं और आईसीसी टी20 विश्व कप में युगांडा क्रिकेट टीम का पदार्पण उनके लिये किसी सपने से कम नहीं। मियागी कम्पाला के बाहरी इलाके में नागुरू झुग्गी बस्ती में बड़े हुए। युगांडा की राजधानी कम्पाला में करीब 60 फीसदी आबादी झुग्गियों में रहती है और तेज गेंदबाज जुमा मियागी उनके लिये प्रेरणास्रोत हैं। फुटबॉल के शौकीन यहां के निवासी उनकी वजह से चाव से क्रिकेट देखते हैं और आईसीसी टी20 विश्व कप में युगांडा क्रिकेट टीम का पदार्पण उनके लिये किसी सपने से कम नहीं। मियागी कम्पाला के बाहरी इलाके में नागुरू झुग्गी बस्ती में बड़े हुए। दो साल तक युगांडा की अंडर 19 टीम के लिये खेलने के बाद अब वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सीनियर टीम की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। युगांडा ने पिछले साल नवंबर में पहली बार क्रिकेट विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। अब तक 21 टी20 मैचों में 34 विकेट ले चुके मियागी झुग्गियों में बड़े हुए और अभी भी अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं।टी20 विश्व कप में शामिल सिमोन सेसाजी और रिजर्व खिलाड़ी इनोसेंट एमवेबाजे भी झुग्गी से ही निकले हैं। उनके इलाकों में पीने का साफ पानी , सीवेज की व्यवस्था नहीं थी और ना ही स्वास्थ्य सुविधायें थी। उनकी कठिनाइयों की कहानी ने युगांडा के भारतीय कोच अभय शर्मा को भी विचलित कर दिया जो टी20 विश्व कप से पहले ही टीम के साथ जुड़े हैं।ऐसा नहीं है कि शर्मा ने कभी झुग्गी बस्ती देखी नहीं है लेकिन कम्पाला की झुग्गियां मुंबई की धारावी से अलग हैं। खिलाड़ियों के साथ समय बिताकर शर्मा का उनके प्रति सम्मान कई गुना बढ गया।

# पंत या संजू सैमसन ? किसे मिलेगा टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में मौका

भारतीय स्क्वॉड में इस बार संजू सैमसन और ऋषभ पंत दोनों को ही मौका मिला है। जिसे लेकर आने वाले समय में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के लिए परेशानी हो सकती है। वहीं फैंस के बीच भी एक ही सवाल उठ रहा है कि, टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में दोनों विकेटकीपर में से किसे मौका मिलेगा। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में इस बार संजू सैमसन और ऋषभ पंत दोनों को ही मौका मिला है। जिसे लेकर आने वाले समय में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के लिए परेशानी हो सकती है। वहीं फैंस के बीच भी एक ही सवाल उठ रहा है कि, टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में






दोनों विकेटकीपर में से किसे मौका मिलेगा। 18 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। जिस कारण उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का प्रदर्शन भी काबिले तारीफ रहा। हालांकि, टी20 इंटरनेशनल में अगर दोनों विकेटकीपरों के प्रदर्शन की बात करें तो पंत संजू पर भारी पड़ते हैं। पंत ने टी20 में अभी तक 56 पारियों में 987 रन बनाए हैं। जबकि संजू सैमसन ने टी20 की 22 पारियों में अभी तक 374 रन बनाए। इन आकंड़ों को देखने के बाद अंदाजा लगाया जा सकता है कि टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में किसे जगह मिल सकती है। हां ये अलग बात है कि, संजू सैमसन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पंत से ज्यादा मौके नहीं मिले। लेकिन जितने भी मौके उन्हें मिले वो उन्हें भूनाने में कामयाब नहीं हुए। ईपीएल 2024 में संजू और पंत का प्रदर्शन जहां आईपीएल के 17वें सीजन में संजू सैमसन ने 531 रन बनाए, जिससे वहे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 5वें स्थान पर रहे। वहीं ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में एक बुरे वक्त को मात देकर वापसी की। उन्होंने इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स

# कोल्ड ड्रिंक के बजाय गर्मियों में पिएं ये फ्रूट जूसेस, अंदर से मिलेगी ठंडक

चिलचिलाती गर्मी के मौसम में थक गए हैं, तो कोल्ड ड्रिंक के बजाय मौसमी फलों से बने जूस को पीकर अपनी प्यास बुझाएं. यह फल आपको तरोताजा महसूस करवाने के साथ ही शरीर को ठंडा रखते हैं. आइये जानें इनकी रेसिपी.

स्ट्रॉबेरी तुलसी कूलिंग ड्रिंक एक गिलास में ताजी स्ट्रॉबेरी को तुलसी की पत्तियों के साथ मसल लें. इसमें थोड़ा सा नींबू का रस और थोड़ा सा शहद मिलाएं. फिजघी ट्रीट के लिए बर्फ के टुकड़े और थोड़ा सोडा/स्पार्कलिंग पानी मिलाएं.

जामुन कूलर जामुन अपने एंटीऑक्सीडेंट और कूलिंग गुणों के लिए जाना जाता है, जो गर्म मौसम के दौरान शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है. इसके अलावा, जामुन इंसुलिन संवेदनशीलता और उच्च शर्करा को प्रबंधित करने में भी मदद करता है. इस ड्रिंक को बनाने के लिए बस पके हुए जामुनों को नींबू के रस, सेंधा नमक और थोड़े से शहद के साथ मिलाएं. मिश्रण को छान लें और बर्फ के टुकड़ों के ऊपर डालें.



ताजा स्वाद के लिए कुछ पुदीने की पत्तियों से गार्निश करें. पाइनएप्पल जिंजर जूस इस रिफ्रेशिंग ड्रिंक को बनाने के लिए, ताजा अनानास के टुकड़ों को कसे हुए अदरक और नींबू के रस के साथ मिलाएं. मिश्रण को छान लें और बर्फ के ऊपर डालें. चीनी और सेंधा नमक डालकर सजाएं और आनंद लें!तरबूज का जूस इस आसान ड्रिंक रेसिपी को बनाने के लिए, तरबूज के टुकड़ों में थोड़ा शहद, नीबू का रस, काली मिर्च और सेंधा नमक मिलाएं. बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें और आनंद लें!आम पन्ना कच्चे आमों को नरम होने तक उबालें, फिर छीलकर गूदे की प्यूरी बना लें. गूदे को पानी, चीनी या गुड़, भुना जीरा पाउडर, काला नमक और पुदीने की पत्तियों के साथ मिला लें. एक्स्ट्रा कूलिंग के लिए बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें. कच्चा आम विटामिन सी और फाइबर और बीटा–कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो डाइजेशन को बढ़ावा देने में मदद करता है और गर्मियों में शरीर को ठंडा रखता है.बेल शर्बत बेल शर्बत एक क्लासिक इंडियन ड्रिंक है, जो पके बेल के फल से गूदा निकालकर बनाया जाता है. इसमें चीनी या गुड़, एक चुटकी काला नमक और थोड़ा सा भुना

# लाल या हरा... डायबिटीज मरीज के लिए कौन सा सेब है ज्यादा अच्छा ? जानें एक्सपर्ट की राय

हरा या लाल कौन सा रंग का सेब डायबिटीज मरीज के लिए फायदेमंद होता है. न्यूट्रिएंट्स के मुताबिक हरा सेब बेहतर ऑप्शन है.

डायबिटीज मरीजों को अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा ऐसे फल को शामिल करना चाहिए जिसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है.

ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम वाले फल खाने से ब्लड शुगर का लेवल कम होता है. डॉक्टर्स डायबिटीज के मरीजों को हर रोज सेब खाने की सलाह देते हैं.

शुगर मरीजों को हरा या रेड सेब कौन सा खाना चाहिए? हरे सेब की खासियत यह है कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं. जो डायबिटीज मरीजों को इसमें शामिल करना चाहिए.

हरे सेब में काफी ज्यादा मात्रा में फाइबर होता है. इसलिए इसे खाने के बाद भूख कम लगती है. साथ ही टाइप–2 डायबिटीज का रिस्क भी कम होता है.

हरे सेब में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन–सी भरपूर होता



है. इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम मात्रा में होते हैं. जो डायबिटीज मरीजों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है.

हरा सेब, लाल सेब की तुलना में ज्यादा न्यूट्रिएंस से भरपूर होता है. यही कारण है कि सेब को टाइप–2 डायबिटीज मरीजों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है.

# नेहा शर्मा की वेब सीरीज 36 डेज का ट्रेलर जारी, मर्दों को प्यार के जाल में फंसाकर किसे बेनकाब करने आईं है फराह

एक्ट्रेस नेहा शर्मा की मोस्ट पॉपुलर सीरीज 'इल्लीगल' का सीजन 3 आज ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हो गया है. इस सीरीज के दो सीजन काफी हिट रहे थे वहीं तीसरे सीजन को भी काफी पसंद किया जा रहा है. वहीं नेहा शर्मा की एक और अपकमिंग सस्पेंस–थ्रिलर सीरीज 36 डेज–सीक्रेट इज इंजूरियस टू हेल्थ का ऑफिशियल ट्रेलर भी आज रिलीज कर दिया गया गैय..

सीरीज में नेहा एक रहस्मय महिला के किरदार मे हैं. ट्रेलर की शुरुआत बैकग्राउंड से आवाज आती है हमारी नई टेनेंट मिली थी मुझे. ये सुनकर कोई और पूछता है कैसी है. इसके बाद नेहा शर्मा बिकिनी पहने हुए पूल में उतरती हुई नजर आती हैं. वहीं कुछ पड़ोस के मर्द उन्हें घूरते हुए नजर आते हैं. इसके बाद शो में शारिब हाशमी की एंट्री होती है और वे नेहा से मुलाकात करने के बाद कहते हैं मैं ऋषिकेश जयकर.

इसके बाद फिर बैकग्राउंड से एक फीमेल वॉइस आती है जो कहती है तू भी हर किसी की तरह उसे घास डालने की सोच रहा है क्या. इसके बाद शुरू होती है सस्पेंस से भरी कहानी. नेहा कहती नजर आती हैं किसी को खोने का दर्ज मुझसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता. सीरीज में नेहा का नाम फराह है. ट्रेलर में आगे नेहा गन लिए हुए नजर आती हैं. ओवरॉल ट्रेलर फरेब की कहानी बयां करता है और सभी कैरेक्टर झूठ, धोखे और यहां तक कि प्यार के जाल में उलझे हुए नजर आते हैं. अब नेहा फरेब करती हैं या वे खुद विक्टिम हैं ये तो सीरीज के आने के बाद ही पता चल पाएगा. 1 मिनट 40 सेकंड की यह क्लिप दर्शकों को थ्रिल की राइड का वादा करती है.

शो की लीड एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने ट्रेलर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पहेली कैप्शन के साथ शेयर किया है. इसमें लिखा है, हर कहानी के हमेशा 3 साइड होते हैं – आपका साइड, मेरा साइड... और सच्चाई. लेकिन क्या होगा अगर सच्चाई रहस्यों की दीवार के पीछे छिपी हो? बता



दें कि इस शो का प्रीमियर जल्द ही सोनी लिव पर होगा. सीरीज की अट्रैक्टिल टैगलाइन है, रहस्य को छिपाकर रखना हानिकारक है.4 सीरीज की स्टार कास्ट में नेहा शर्मा, पूरब कोहली, श्रुति सेठ, चंदन रॉय सान्याल, शारिब हाशमी, अमृता खानविलकर, सुशांत दिवगिकर और अन्य कलाकार शामिल हैं.

# विक्रांत मैसी की ब्लैकआउट का ट्रेलर जारी, सस्पेंस और कामेडी से भरपूर हैं फिल्म

पिछले साल अपनी फिल्म '12वीं फेल' की सफलता का आनंद लेने के बाद एक्टर विक्रांत मैसी ने खूब वाहवाही लूटी। इस फिल्म की दर्शकों ने काफी तारीफें की। विक्रांत अब अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर कॉमेडी फिल्म ब्लैकआउट की ओटीटी रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में मौनी रॉय और सुनील ग्रोवर भी हैं। ब्लैकआउट का ट्रेलर आज पहले सोशल मीडिया पर जारी किया गया था और यह थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी की रोलरकोस्टर सवारी है।

आपको बता दें कि विक्रांत मैसी और मौनी रॉय की ब्लैकआउट के निर्माताओं ने यूट्यूब पर ब्लैकआउट का ट्रेलर लॉन्च किया। वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिखा है, एक नॉर्मल सफर को पीडिघ्त बनाना कोई इनसे (हमसे) सिखे। 2 मिनट 35 सेकंड के ट्रेलर में विक्रांत की कॉमिक टाइमिंग और सह–कलाकार सुनील ग्रोवर के साथ उनकी दोस्ती मुख्य आकर्षण है।

ब्लैकआउट के ट्रेलर की शुरुआत विक्रांत मैसी के साथ होती है, जो पगड़ी और लंबी दाढ़ी रखते हैं क्योंकि वह सोफे पर बैठते हैं। कुछ सेकंड बाद, कोई भी उनके अन्य अवतारों को भी नोटिस कर सकता है। विक्रांत ने लेनी डिसूजा की भूमिका निभाई है, जो एक स्टिंग ऑपरेशन पत्रकार है, जो एक ब्लैकआउट के दौरान एक कार दुर्घटना से मिलता है।

लेनी, जो सुरक्षित है, दूसरी कार में पड़े खजाने का ढेर पाता है और इस तरह बादशाह बनने का उसका लालच शुरू होता है। ट्रेलर में सुनील ग्रोवर और बाद में मौनी रॉय को उनके साथ उनके सफर पर टैग करते हुए दिखाया गया है। एक सीन में लेनी के रूप में विक्रांत कहते हैं, किस्मत इतनी खराब है मेरी, आसमान में पत्थर भी फेखुंगा ना, एस ला एस्ट्रोइड बांके मेरे



ऊपर ही गिरेगा। ट्रेलर में एक सीक्वेंस में पुदिन हारा का रेफरेंस भी है। देवांग शशिन भावसार द्वारा लिखित और निर्देशित, ब्लैकआउट 7 जून, 2024 से जियोसिनेमा पर स्ट्रीमिंग शुरू करेगा। क्राइम थ्रिलर एंटरटेनर निश्चित रूप से आपको अपनी सीटों के किनारे पर रखेगा, क्योंकि आप अप्रत्याशित ट्विस्ट और टर्न देखते हैं।

# कोटा फैक्ट्री सीजन 3 की रिलीज डेट आई सामने

जितेंद्र कुमार की कोटा फैक्ट्री मोस्ट पॉपुलर सीरीज है.इस वेब शो के दो सीजन बेहद हिट रहे और अब फैंस इसके तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ये वेब शो कोटा में आईआईटी–जेईई और एनईईटी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की स्टोरी पर बेस्ड है. 2019 में इसका पहला सीजन यूट्यूब पर शुरू हुआ और इसे इतनी पॉपुलैरिटी मिली कि साल 2021 में नेटफ्लिक्स ने इसके दूसरे सीजन को रिलीज किया. अब जल्द ही इस सीरीज का तीसरा सीजन भी रिलीज होने वाला है. चलिए जानते हैं कोटा फैक्ट्री का तीसरा सीजन कब और कहां देखा जा सकता है?बता दें कि इस साल फरवरी के महीने में, नेटफ्लिक्स ने छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाली नई चुनौतियों को प्रदर्शित करते हुए कोटा फैक्ट्री के तीसरे सीजन की झलक शेयर की थी.इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया था. अपनी पेंसिलें तेज कर लें, और सारे फॉर्मूले याद रखें– जीतू भैया और उनके छात्र अब तक की सबसे बड़ी चुनौती के लिए तैयार हो रहे हैं. वहीं अब इस मोस्ट अवेटेड सीरीज की रिलीज डेट भी आ गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, कोटा फैक्ट्री सीजन 3 सीरीज जून में रिलीज हो सकती है. हालांकि अभी एक्चुअल तारीख का पता नहीं चल पाया है. लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र से जानकारी मिली है कि सीजन 3 को जून के दूसरे या तीसरे हफ्ते में ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है. बता दें कि कोटा फैक्ट्री को राघव सुब्बू द्वारा निर्देशित किया गया है. ये द वायरल फीवर के लिए अरुणाभ कुमार द्वारा निर्मित है. कोटा फैक्ट्री कोटा, राजस्थान के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) के लिए बेहद कंपटीटीव एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों के जीवन पर बेस्ड है.कोटा फैक्ट्री सीजन 3 स्टारकास्ट की बात करें तो इस वेब शो में जितेंद्र कुमार और अहसास चन्ना के अलावा आलन खान, मयूर मोरे, रंजन राज जैसे स्टार्स नजर आएंगे. वहीं इस बार शो में तिलोत्मा शोम भी अहम किरदार में नजर आएंगें. बता दें कि इस सीरीज के अलावा जितेंद्र वेब सीरीज पंचायत 3 में भी नजर आने वाले हैं. पंचायत 3 इस महीने 31 मई को रिलीज हो रही है.

# सन आफ सरदार 2 से सोनाक्षी सिन्हा आउट, अब मृणाल ठाकुर की हुई अजय देवगन की फिल्म में एंट्री

अजय देवगन की साल 2012 में आई कॉमेडी ड्रामा फिल्म सन ऑफ सरदार तो सभी को याद होगी. सन ऑफ सरदार साल 2012 की हिट और सक्सेस फिल्मों की लिस्ट में शुमार हुई थी. सन ऑफ सरदार के जरिए अजय देवगन पहली बार पगड़ी पहनकर कैमरे के



सामने आए थे और एक्टर की कॉमिक टाइमिंग ने फैंस को खूब हंसाया था. अब 12 साल बाद सन ऑफ सरदार के दूसरा पार्ट यानी सीक्वल की बात लंबे समये से चल रही है. सन ऑफ सरदार 2 से लेटेस्ट अपडेट ये आई है कि अब फिल्म के सीक्वस से सोनाक्षी सिन्हा का पत्ता साफ हो गया है और अब साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम करने वाली इस खूबसूरत हसीना की एंट्री हो गई है.

रिपोर्ट्स की मानें तो, सन ऑफ सरदार 2 की कास्टिंग शुरू हो गई है और इस बार अजय देवगन के साथ सोनाक्षी सिन्हा नहीं बल्कि मृणाल ठाकुर रोमांस करेंगी. अगर ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा जब अजय और मृणाल एक साथ पर्दे पर काम करेंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, सन ऑफ सरदार 2 की स्टोरी के हिसाब से सोनाक्षी इसमें फिट नहीं दिख रही हैं.लेकिन, अभी तक इस मृणाल के फिल्म में आने और सोनाक्षी के फिल्म से जाने पर मेकर्स की प्रतिक्रिया नहीं आई है. कहा जा रहा है कि आने वाले कुछ समय में अजय देवगन फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे. फिलहाल अजय एक्शन डायरेक्टर रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग कर रहे हैं. वहीं, सन ऑफ सरदार 2 में संजय दत्त की जगह सनी देओल ले सकते हैं.

# बाक्स आफिस पर मनोज बाजपेयी की भैया जी ने तोड़ा दम, घटती जा रही दैनिक कमाई

चिलचिलाती गर्मी के मौसम में बॉक्स ऑफिस का मिजाज ठंडा पड़ा हुआ है. पिछले काफी टाइम से कोई भी फिल्म टिकट काउंटर पर कमाल नहीं दिखा पाई है. हाल ही में मनोज बाजपेयी की एक्शन मसाला से भरपूर फिल्म 'भैया जी' रिलीज हुई थी. इस फिल्म से काफी उम्मीदें थी लेकिन ये रिलीज के पहले ही दिन ठंडी पड़ गई और अब तक कोई कमाल नहीं दिखा पाई है.चलिए यहां जानते हैं 'भैया जी' ने रिलीज के छठे दिन कितना कलेक्शन किया?

'भैया जी' मनोज बाजपेयी की 100वीं फिल्म है. इस रिवेंज ड्रामा का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है. अपूर्व और मनोज बाजपेयी की जोड़ी ने इससे पहले सिर्फ एक बंदा काफी है में भी कोलैबोरेशन किया था. इस फिल्म को काफी तारीफ मिली थी लेकिन इस बार अपूर्व और मनोज की 'भैया जी' दर्शको की कसौटी पर खरी नहीं उतरी और कोई भौकाल नहीं मचा पाई. फिल्म रिलीज के पहले ही दिन सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई. हालांकि वीकेंड पर फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी भी आई लेकिन वीकडेज में 'भैया जी' का कारोबार फुसस हो गया और लाखों में सिमट कर रह गया.

'भैया जी' की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 1.35 करोड़, दूसरे



दिन 1.75 करोड़, तीसरे दिन 1.85 करोड़, चौथे दिन 90 लाख और पांचवें दिन 85 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के छठे दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'भैया जी' ने रिलीज के छठे दिन 70 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'भैया जी' का 6 दिनों का कुल कलेक्शन अब 7.4 करोड़ रुपये हो गया है.

'भैया जी' रेंग–रेंगकर बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ रही है. वहीं 31 मई को कई मल्टीप्लेक्स चेन सिनेमा लवर्ड डे सेलिब्रेट कर रहे हैं. जिसके चलते दर्शक महज 99 रुपये खर्च कर फिल्म देख सकते हैं. ऐसे में 'भैया जी' को इस ऑफर का फायदा हो सकता है. उम्मीद की जा रही है कि सिनेमा लवर्स डे पर 'भैया जी' के कलेक्शन मे तेजी आएगी. वहीं वीकेंड पर भी फिल्म के अच्छा कलेक्शन की उम्मीद है. हालांकि इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की मिस्टर एंड मिसेज माही भी दस्तक दे रही हैं. ऐसे में इस नई फिल्म के आगे 'भैया जी' कितना कमाई कर पाती है ये देखने वाली बात होगी.

## बाक्स आफिस पर राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत की दैनिक कमाई 40 करोड़ रुपये की ओर

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे दिग्गज सितारों के अभिनय से सजी फिल्म श्रीकांत से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।इसके बावजूद पिछले कुछ दिनों से लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाई रिलीज के तीसरे सप्ताह में भी जारी



है।श्रीकांत को लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है और अब यह अपना बजट वसूलने से बस एक कदम दूर है।

अब श्रीकांत के 20वें दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, तीसरे बुधवार इस फिल्म ने 85 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 39.55 करोड़ रुपये हो गया है।श्रीकांत का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार इस फिल्म के निर्माता हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीकांत जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे सकती है।

# रिवीलिंग साड़ी पहन सुरभि चंदना ने बिखेरा हुस्न का जलवा, हॉट फोटोज ने इंटरनेट पर लगाई आग

एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपने खूबसूरत और स्टनिंग फिगर के चलते सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो हर वक्त अपनी तस्वीरों से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस का बेहद ही दिलकश अंदाज देखने को मिल रहा है। टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही लोगों के बीच बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने रिवीलिंग साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। साथ ही उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थक रहे हैं।

गले में नेकलेस, ग्लैम मेकअप और बाल खोलकर एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

सुरभि चंदना फोटोशूट के दौरान कैमरे के सामने एक से बढकर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई फोटोज क्लिक करवा रही हैं।एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। सुरभि चंदना का हर एक अवतार देखकर अक्सर फैंस अपना दिल हार जाते हैं।



# अन्नया पाण्डेय ने शेयर की अंबानी की प्री–वेडिंग से तस्वीर, काफी शांत रही इटली की क्रूज पार्टी

इटली में अंबानी की हालिया प्री–वेडिंग पार्टी काफी निराशाजनक रही। बेशक परिवार या उनके मेहमानों के लिए नहीं, लेकिन निश्चित रूप से इंटरनेट के लिए, जो मार्च में 'जामनगर जंबोरी' के बाद और भी बॉलीवुड सितारों को शानदार आउटफिट में देखने की उम्मीद कर रहा था। इटली में अंबानी की हालिया प्री–वेडिंग पार्टी काफी निराशाजनक रही। बेशक परिवार या उनके मेहमानों के लिए नहीं, लेकिन निश्चित रूप से इंटरनेट के लिए, जो मार्च में 'जामनगर जंबोरी' के बाद और भी बॉलीवुड सितारों को शानदार आउटफिट में देखने की उम्मीद कर रहा था। हालांकि, ऐसा लगता है कि इतालवी क्रूज पर काफी शांत उत्सव था, अनन्या पांडे की हालिया पोस्ट इसका सबूत



हैं।अनन्या पांडे ने गुरुवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर क्रूज के पिटस्टॉप में से एक रोम से कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में पेड़ों से घिरा नहर या नदी पर एक खूबसूरत पत्थर का पुल दिखाया गया है। दूसरी तस्वीर में अनन्या को चौनल स्लिप ड्रेस में दिखाया गया है, जो पुरानी इमारतों से घिरी एक गली में कैमरे के लिए पोज दे रही हैं, बिना किसी मेकअप के और उनके बाल एक गंदे बन में बंधे हुए हैं।अंबानी क्रूज पर सवार सभी लोग रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट 12 जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। यह बहुप्रतीक्षित शादी 12 जुलाई को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में प्रतिष्ठित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगी। इससे पहले, उन्होंने इटली से फ्रांस जाने वाले क्रूज लाइनर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया है। इसे भी पढ़ेंरू त्रंपदपांदजी आध्यात्मिक विश्राम के लिए केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा पर गएइस साल की शुरुआत में, इस जोड़े ने जामनगर में शादी से पहले कई समारोह आयोजित किए, जिसमें दुनिया भर से कई सितारे शामिल हुए। इस अवसर पर व्यापार जगत के नेता, राष्ट्राध्यक्ष और हॉलीवुड और बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां शामिल हुईं, जिससे यह एक यादगार कार्यक्रम बन गया।

## माटी से बंधी डोर में अपने किरदार को कर रही खूब एन्जश्वय रू रुतुजा बागवे

माटी से बंधी डोर में वैजनाती (वैजू) के रोल में नजर आने वाली रुतुजा बागवे ने बताया कि वह महाराष्ट्र की होने के चलते अपने किरदार को खूब एन्जॉय कर रही हैं।रुतुजा ने कहा, असल जिंदगी में महाराष्ट्र की होने के चलते मुझे वैजू का किरदार निभाने में मजा आ रहा है, क्योंकि वैजू खुद एक मराठी मुलगी है। दर्शकों को वैजू के किरदार में रुतुजा की कुछ झलक देखने को मिलेगी।रुतुजा ने कहा, बेशक! मैं हिंदी शो कर रही हूं, लेकिन मैं अपने डायलॉग में मराठी टच देती हूं। मुझे वैजू का किरदार बेहद पसंद है। वह दबंग, मजबूत और निडर है। मैं असल जिंदगी में भी वैजू के किरदार से जुड़ाव महसूस करती हूं।रुतुजा चंद्र आहे साक्षीला, नंदा सौख्य भरे और स्वामिनी जैसे शो के लिए जानी जाती हैं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, वैजू के किरदार से मुझे सीख मिलती है कि जो सही है उसके लिए लड़ते रहो। आत्मनिर्भर बनो और निडर रहो।

# अपराधी के गुंडा टैक्स वसूली से परेशान बालू पटटा धारक

## गैर जनपद सहित महेवाघाट में दर्ज आपराधिक मामले

कौशाम्बी। महेवाघाट थाना क्षेत्र के रामनगर के खंड 16 11 16 14 में 25 हेक्टेयर क्षेत्र में कुछ अपराधी किस्म के लोग जबरन गुंडा टैक्स की वसूली कर रहे है। वसूली का विरोध करने पर अखबार की धौस जमाकर पटटे धारक को परेशान कर रहा है। क्षेत्रीय पुलिस भी उसके कारनामों से परिचित होने के बाद कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। इससे परेशान होकर पटटे धारक ने शुक्रवार को मंझनपुर में प्रेस वार्ता कर मामले में अपनी बात रखी है।

मंझनपुर तहसील के रामनगर महेवा घाट यमुना क्षेत्र के खंड संख्या 16 11 16 14 25 हेक्टेयर अरुण कुमार त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय भोलानाथ त्रिपाठी निवासी तिलक नगर अल्लापुर प्रयागराज को स्वीकृत किया गया है। शुक्रवार को मंझनपुर में अरुण कुमार त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता कर बताया की वैध रूप से खनन कार्य चला रहे पटटे धारक को क्षेत्रीय अपराधी व उसका छोटा भाई गुंडा टैक्स के रूप में दस हजार प्रतिदिन की मांग कर रहा है। इसके अलावा 10 गाड़ियों की सूची भेज कर अवैध रूप से बालू की भी लोडिंग करवाने का दबाव बना रहा है। पटटे धारक क्षेत्र के गुंडा की गुंडई से परेशान होकर प्रेस वार्ता कर कार्रवाई की प्रशासन से मांग के लिए पत्र प्रतिनिधियों से प्रेस वार्ता कर मांग किया। पटटे धारक अरुण कुमार का आरोप है, क्षेत्रीय अपराधी का एक भाई लखनऊ में मामूली पत्रकार है। जो फर्जी खबर चलाकर रंगदारी की वसूली में भाई का सहयोग कर रहा है। जबकि अंतर जनपद सहित लगभग महेवा घाट थाने पर 11 मुकदमे दर्ज है। जिनमें लूटपाट मारपीट गुंडा अधिनियम के साथ–साथ राजापुर में भी रंगदारी मांगने के मुकदमे दर्ज है। पटटे धारक का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों से भी गुंडा टैक्स वसूली की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# दबंगों ने मामूली विवाद में युवक को पीटकर किया मरणासन्न

## बाइक और नगदी छीनने का लगाया आरोप

मनौरी, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में गुरुवार की शाम दबंग ने साथियों संग मामूली विवाद में युवक को लाठी डंडे से पीटकर मरणासन्न कर दिया।साथ ही जेब में रखी नगदी और बाइक भी छीन लिया।चीख पुकार सुनकर लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल ने पुलिस चौकी सैयद सरावां जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। पुलिस चौकी सैयद सरावां गांव निवासी रणधीर यादव उर्फ झब्बर पुत्र राजेंद्र प्रसाद यादव किसानी कर परिवार का भरण–पोषण करता है।उसके अनुसार गांव के युवक का एक किशोरी से प्रेम सम्बन्ध है। किशोरी ने अपने प्रेमी से उसके बारे में गलत बातें बता दी। इससे युवक नाराज होकर उसके साथ गाली–गलौच करने लगा। रणधीर चुपचाप घर चला गया।शाम को ग्राम प्रधान ने उसे समझौता कराने के लिए बुलाया।वह प्रधान के घर जा रहा था। इसी दौरान वह युवक अपने तीन साथियों के साथ हाथों में लाठी डंडे लेकर उसे रास्ते में मिला और उसके साथ गाली गलौज करने लगा।आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने लाठी डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे वह मरणासन्न हो गया। उन्होंने जेब में रखा 10 हजार रुपए नगदी और बाइक छीन लिया।चीख पुकार सुनकर लोगों को आता देख हमलावर घायल को छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायल ने पुलिस चौकी जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# धान की नर्सरी डालने से पहले किसान करें भूमि एवं बीज शोधन

कौशाम्बी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव ने बताया है कि धान की नर्सरी का सीजन नजदीक आ रहा हैं, फसलों को रोगों एवं कीड़ों से बचाव के लिए भूमि एवं बीज शोधन अवश्य करें, क्योंकि बीज शोधन करने से फसलों में बीज जनित रोगों की समस्या नहीं आती। इसी प्रकार भूमि शोधन करने से भूमि में रोग और कीडों की समस्या समाप्त हो जाती हैं। गतवर्ष जिन कृषकों ने भूमि एवं बीज शोधन किया था उनकी फसलों में कोई रोग नहीं लगा। उन्होने बताया कि बीज शोधन के लिए किसान भाई बीज को रात भर पानी में भिगोंने के बाद दूसरे दिन बीज को पानी से निकाल कर 2.5 से 3 ग्राम कार्वेण्डाजिम 50 प्रति० या थीरम 75 प्रति० अथवा 4 से 5 ग्राम टाइकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज की दर से 4 से 5 लीटर पानी में 10 ग्राम गुड़ के साथ घोलकर बीज में मिला दें, उसके बाद बीज को छाये में अंकुरित होने तक रख दें, तत्पश्चात बीज को नर्सरी के लिए प्रयोग करें।

इसी प्रकार भूमि शोधन के लिए 2.5 किलोग्रम प्रति हेक्टेयर टाइकोडर्मा या बिबेरिया बैसियाना 65 से 70 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह के लिए छायेयुक्त स्थान में रखकर आवश्यकतानुसार पानी का छीटा मारते रहें। इसके बाद टाइकोडर्मा से मिली गोबर की खाद को फसल लगाने से पहले खेत में डालकर जुताई करा दें। भूमि शोधन एवं बीज शोधन के लिए रसायन कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान जिला कृषि रक्षा अधिकारी से मोबाइल नम्बर–9889609438 पर सम्पर्क कर सकतें हैं।

# भीषण गर्मी का कहर जारी, लू से चार लोगों की मौत

चित्रकूट(आरएनएस)। जिले में इन दिनो प्रचंड गर्मी, गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन खाासा प्रभावित है। लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। लगातार मौसम का पारा बढ़ने से लोग चिंतित हैं।

बीती शाम मानिकपुर के सुभाष नगर के होटल में हलवाई का काम करने वाले विजय कुमार (60) पुत्र जानकी गुप्ता ट्रेन से बांदा गए थे। वापस बस से घर आ रहे थे। कर्वी मुख्यालय में भीषण गर्मी के चलते शर्ट उतारकर विचलित हालत में खड़ी बस के बाहर घूमने लगा। जब बस मानिकपुर के लिए रवाना हुई तो वह बस की सीट पर बैठ गया। मानिकपुर पहुंचने पर जब सभी यात्री उतर गए और विजय कुमार नहीं उतरा। यह देख चालक ने उसे उठाने को हाथ लगाया तो वह गिर गया और उसकी मौत हो गई। वहां अफरा तफरी मच गई। परिजनों को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के बड़े भाई ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि लू लगने से मौत हुई है। मृतक की शादी नहीं हुई थी।

इसी क्रम में राजापुर तहसील क्षेत्र के रेड़ीभुसौली गांव के शिव लोचन (56) पुत्र रामबहादुर गुरुवार को अपने छोटे भाई दर्शनलाल के साथ आम के बगीचे पर रखवाली कर रहा था। अचानक लू का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के भतीजे रामेन्द्र कुमार ने बताया कि हीटवेव के चलते मौत हुई है। दो पुत्र, एक पुत्री, पत्नी लखपतिया है।मुख्यालय के तरौंहा के राजेश (45) पुत्र दुलीचन्द्र गुरुवार को पडोसी शिव पुत्र दीवान की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। वापस आते समय अचानक गश खाकर गिर गया। परिजन आनन फानन जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र नकुल ने बताया कि दोपहर में अंतिम संस्कार के दौरान नहाते समय अचानक लू लग गई थी। इसके अलावा शहर के चकरेही चौरराहे के संतोष कुमार (63) पुत्र कल्लू गुरुवार कीी दोपहर घर में पंखा के पास बैठा था।

## तड़प कर मर गए हजारों मछलियों के बच्चे

चित्रकूट(आरएनएस)। नगर पंचायत नयागाँव की हठधर्मिता के चलते एक बार फिर हजारों मछलियों के बच्चों की मौत हो गई। अचानक फाटक बंद होने से नदी का जल स्तर घट गया और तड़पकर मछलियां मर गईं। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है और बुंदेली सेना ने सतना कलेक्टर से दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नगर पंचायत नयागाँव जानबूझ कर मछलियों को मार रहा है। छोटे पुल के फाटक केवल सालभर में एक बार बारिश के पहले जून महीने में खोले जाते थे, लेकिन पिछले दो तीन वर्षों से फाटक को मजाक बनाकर रख दिया गया है। जब मर्जी होती है किसी न किसी बहाने से फाटक खोल दिए जाते हैं। अचानक फाटक खुलने से रामघाट की पानी में डूबी सीढ़ियां खुल जाती हैं और सीढ़ियों में फिसलकर सैकड़ों लोग चोटहिल होते हैं। इसके बाद जब अचानक फाटक 10–12 घंटे के लिए बंद हो जाते हैं तो नीचे नदी का जल स्तर घटने की वजह से मछलियों की मौत होती है। पिछले वर्षों में कई बार मछलियाँ प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ गई।

## हीट स्ट्रोक–लू से बचाव करें जनपदवासी- एडीएम

चित्रकूट(आरएनएस)। एडीएम उमेश चन्द्र निगम ने ग्रीष्म ऋतु में लू, हीट स्ट्रोक, गर्म हवाओं से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए बताया है कि वर्तमान में तापमान में हो रही वृद्धि के कारण जनपदवासियों को लू, हीट स्ट्रोक से बचाव की आवश्यकता है। लू हीट स्ट्रोक भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय मानकों एवं भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार तीन दिन तक वहां के सामान्य तापमान से तीन डिग्री सेंटीग्रेट या अधिक बना रहे तो उसे लू या हीटबेव कहते हैं। विश्व मौसम संघ के अनुसार यदि किसी स्थान का तापमान लगातार पांच दिन तक सामान्य स्थानीय तापमान से पांच डिग्री सेंटीग्रेट अधिक बना रहे अथवा लगातार दो दिन तक 45 डिग्री से अधिक का तापमान बना रहे तो उसे हीटवेव या लू कहते हैं। जब वातावरणीय तापमान 37 डिग्री तक रहता है तो मानव शरीर पर इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोकों के सम्पर्क में आने पर लू लगती है। गर्मी में शरीर के द्रव्य सूखने लगता है। शरीर से पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। लू लगने की सम्भावना शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह ऐसी कुछ औषधियों जैसे डाययूरेटिक, एंटीस्टिमिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधियाँ, गर्म लाल शुष्क त्वचा होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन भ्रम की

# जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराने के दियें निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2024–25 में वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद कौशाम्बी को कुल 25 लाख 70 हजार 760 वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें वन विभाग को 892700 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार पर्यावरण विभाग को 32700, ग्राम्य विकास विभाग को 963000, राजस्व विभाग को 15000, पंचायतीराज विभाग को 95000, नगर विकास को 23000, लोक निर्माण विभाग को 13000, जल शक्ति विभाग को 13000, कृषि विभाग को 188000, पशु पालन विभाग को 9000, सहकारिता विभाग को 4200, उद्योग विभाग को 18000, उर्जा विभाग को 6860, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 9200, बेसिक शिक्षा को 12000, प्राविधक शिक्षा को 5000, उच्च शिक्षा को 5000, स्वास्थ्य विभाग को 13000, परिवहन विभाग को 1800, उद्यान विभाग को 115000, गृह पुलिस विभाग को 6300 एवं जल निगम (ग्रामीण) को 130000 लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं।जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियां को कार्ययोजना बनाकर वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष स्थल का चिन्हीकरण कर वृक्षारोपण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के उपस्थित अधिकारी को मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त किये बिना संचालित ईंट–भट्ठों के विरूद्व कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे जैविक खेती कर रहें कृषकोंध्संस्थाओं एवं नमामि गंगे के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह एवं उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य समबन्धित अधिकारीगण तथा सदस्य जिला गंगा समिति विनय पण्डा उपस्थित रहें।

# साहब आरआरसी सेंटर के निर्माण में बाधक बन रहे दबंग

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के एक गांव में आर आर सी सेन्टर का निर्माण होना है लेकिन गांव के कुछ दबंगो के चलते आरआरसी सेन्टर के लिए जमीन की पैमाईश नही हो पा रही है जिससे चार माह से काम लंबित पड़ा है , ग्राम प्रधान ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर पुलिस बल के साथ पैमाईश की मांग की है ।विकास खंड कड़ा के गरई गांव के ग्राम प्रधान संतलाल ने एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर बताया की ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर का निर्माण होना है गांव में ऊसर के नाम सुरक्षित भूमि पर राजस्व की टीम ने पैमाईश का प्रयास किया तो गांव के कुछ दबंग एक महिला को आगे कर गाली गलौच करते हुए फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे है। प्रधान ने पुलिस बल के साथ आर आर सी सेंटर के निर्माण के लिए भूमि पैमाईश की मांग की है।

# अनियंत्रित होकर खाई में पलटा ई रिक्शा, पांच जख्मी

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव में अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटने से उसमे सवार पांच लोग जख्मी हो गए , स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।सैनी कोतवाली क्षेत्र के लुकीया गांव के रहने वाले बुदुन 40 वर्ष शुक्रवार को पत्नी अनिता देवी 30 वर्ष के साथ ई रिक्शा में सवार होकर अजुहा गए थे लगभग चार बजे ई रिक्शा सवार अजुहा से सवारी भरकर लुकीया गांव छोड़ने जा रहा था ई रिक्शा जैसे ही अटसराय गांव के करीब पहुंचा तभी अचानक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा खाई में पलट गया हादसे में ई रिक्शा ने सवार लुकीया निवासी बुदून 40 वर्ष , पत्नी अनिता 33 वर्ष , शबीना पत्नी असलम 35 वर्ष , सुशीला पत्नी बनाफर 55 वर्ष , सुमन पत्नी अजय कुमार 40 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गए हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया ।

# रामपुर धमावा में पानी का संकट,ठेलिया में लाद कर दूसरे मोहल्ले से लाते है पानी

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के रामपुर धमावा गांव में अनुसूचित बस्ती में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों की मानें तो बस्ती में न तो हैंडपंप है न ही पाइपलाइन का पानी नहीं पहुंच पा रहा है ऐसे में उन्हें पानी के लिए अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में लोग पास–पड़ोस के मोहल्लों से पानी ढोने को विवश हैं।विकास खंड सिराथू के रामपुर धमावा के दलित बस्ती के लोगों ने प्रशासन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है। गांव के दलित बस्ती में एक भी हैंडपंप व पानी की टंकी न होने के कारण बस्ती के लोगों को पानी नही मिल रहा है । मोहल्ले के लोग शुक्रवार की दोपहर में ठेलिया में लाद कर दूसरे मोहल्ले से पानी लेने के लिए विवश है । मोहल्ले के कुंती व रामलाल सका कहना है कि पानी की सप्लाई के लिए तथा हैंडपंपों के लिए कई बार गांव के सचिव से मिल चुके हैं लेकिन यहां के लोगों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे मोहल्ले के लोग दूसरे बस्ती से ठेला में लाद कर पानी लाते है।

# मधु वाचस्पति कालेज के सामने नेशनल हाइवे पर ब्रेकर बनाए जाने की मांग

चायल, कौशाम्बी। मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के कुलसचिव ने शुक्रवार को डीएम कौशाम्बी को पत्र देकर संस्था के दोनो ओर नेशनल हाइवे पर ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है। मधु वाचस्पति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के कुलसचिव समर अब्बास ने शुक्रवार को डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की पुरामुफ्ती में नेशनल हाइवे किनारे एम वी कालेज सिटी के नाम संस्था संचालित है , संस्था में दो हजार से अधिक प्रतियोगी छात्र प्रतिदिन शिक्षा के लिए आते है । संस्था हाइवे किनारे होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते है , कुलसचिव ने बताया की एक हफ्ते पहले संस्था के तीन छात्र दुर्घटना का शिकार हो चुके है , छात्रों की सुरक्षा के लिए नेशनल हाइवे के दोनो ओर ब्रेकर बनाया जाना जरूरी है।

# सौतेले भाई ने पत्नी संग घरेलू विवाद में युवती को पीटा

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के पन्नोई गांव में शुक्रवार की सुबह घरेलू विवाद को लेकर सौतेले भाई ने पत्नी के साथ मिलकर युवती को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आईं।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पन्नोई गांव की शीला कुमारी पुत्री मैकूलाल रैदास के अनुसार उसका सौतेले भाई के साथ घरेलू विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह वह घरेलू कार्य कर रही थी जबकि उसके माता–पिता खेत की ओर गये थे।इसी दौरान उसका सौतेला भाई अपनी पत्नी के साथ उसके घर पहुंचा और जमीन के बंटवारे को लेकर उसके साथ गाली–गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। युवती ने घर लौटने पर माता–पिता को मामले की जानकारी दी। घायल युवती ने थाने जाकर आरोपी सौतेले भाई– भाभी के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# खबर कवरेज करने गए पत्रकार के साथ दबंगो ने की मारपीट व छीनैती

कौशाम्बी। मोहब्बतपुर पईसा थाना क्षेत्र के उदिहिन खुर्द निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र भूरेलाल सिंह एक निजी अखबार के संवाददाता हैं जिनको शुक्रवार को फोन द्वारा सूचना मिली कि जगन्नाथपुर गांव में दो पक्षों के बीच में विवाद हो रहा है , जिसकी खबर कवरेज करने के लिए ओम प्रकाश सिंह मौके पर पहुंच गए जहां पर उदिहिन बाजार चौकी प्रभारी आदित्य कुमार पहले से ही मौजूद थे जिनके मौजूदगी में गेहूं की फसल को ट्रैक्टर के द्वारा मड़ाई करने को लेकर दो पक्षों में आपसी कहासुनी चल रही थी। इस दौरान खबर कवरेज कर रहे पत्रकार को एक दबंग ने देख लिया तो देखते ही अपने दर्जनों समर्थकों के साथ गाली गलौज करते हुए पत्रकार के साथ मारपीट करने लगे और गाली गलौज करते हुए 1000 नगद,मोबाइल फोन, पेन व गमछा छीन लिए। किसी तरह थाने पहुंचे पीड़ित पत्रकार ने मामले की लिखित शिकायत पईसा पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है । लेकिन खबर लिखे जाने तक पईसा पुलिस ने दबंगो पर कोई कार्यवाही नहीं की जिससे साथी पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# संदिग्ध दशा में युवक की मौत , लू लगने की आशका

अजुहा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे का रहने वाला एक युवक की बीती रात संदिग्ध दशा में मौत हो गई , स्वजनो ने सुबह देखा तो घर में कोहराम मच गया , स्वजनो की माने तो युवक की मौत लू लगने के कारण हुई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं दस के रहने वाला रोशनलाल पुत्र सोहनलाल कस्बे में ही बैग बनाकर परिवार का भरण पोषण करता है , गुरुवार की रात रोशनलाल खाना पीना खाकर छत पर सो रहा था , शुक्रवार की सुबह काफी देर तक युवक नही जगा तो स्वजनो ने जगाने की कोशिश की इस दौरान युवक की मौत हो चुकी थी , युवक की मौत की खबर पर घर में कोहराम मच गया । युवक की मौत से दस वर्षीय बेटी व पत्नी का रोरोकर बुरा हाल है । वही चर्चाओ पर गौर करे तो युवक की मौत लू लगने से हुई है।

# बाइक से ड्यूटी जा रहे वन दरोगा ट्रैक्टर की टक्कर से जख्मी

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन के पास बाइक से ड्यूटी जा रहे वन दरोगा को तेज रफ्तार ईंट लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया हादसे में वन दरोगा गंभीर रूप से जख्मी हो गए , हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया , सूचना पर पहुंचे रेंजर व पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।सैनी कोतवाली क्षेत्र के बदलेपुर ननसेनी गांव के रहने वाले गया प्रसाद मौर्य पुत्र रामफल मौर्य 58 वर्ष वन दरोगा है , गया प्रसाद शुक्रवार की सुबह बाइक से डोरमा में स्थित रेंज आफिस जा रहे थे , वन दरोगा जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर कोदन गांव के नजदीक नेशनल हाइवे पर पहुंचे तभी ईंट लदे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार वन दरोगा गंभीर रूप से जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस व रेंजर को खबर दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायल बन दरोगा को इलाज के लिए नजदीक के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया । वही हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया ।

# लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था, रोज जल रहे ट्रांसफार्मर

सिराथू, कौशाम्बी । उमस भरी गर्मी में एसी, फ्रिज का प्रयोग बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ गई है। इसके कारण तार टूटने और फाल्ट से जहां विद्युत व्यवस्था लड़खड़ा गई है, वहीं ट्रांसफार्मर भी ओवर लोड से हांफने लग रहे हैं। हर दिन ट्रांसफार्मर जल रहे हैं।

सिराथू तहसील क्षेत्र में उपभोक्ताओं को ट्रांसफार्मरों के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए कई तार व खंभे जर्जर हो चुके हैं। बावजूद यहां रेवड़ी की तरह कनेक्शन वितरित किए गए हैं। क्षमता से अधिक लोड पड़ने के कारण जहां तार टूट जा रहे हैं, वहीं ओवर लोड से ट्रांसफार्मर जल जा रहे हैं। तेल का रिसाव होने लग रहा है। यह समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद इसे ठीक कराने व बदलवाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को तीन से चार दिनों तक बिन बिजली के समय गुजारना पड़ता है, जिसके कारण गर्मी में उनकी बेचौनी बढ़ जाती है। ताजा मामला शुक्रवार का है जहां सैनी कोतवाली के नजदीक लगा ट्रांसफार्मर धू धू कर अचानक जलने लगा इसी तरह देवीगंज कस्बे में कड़ा धाम थाना के पास स्थित ट्रांसफार्मर में आग लग गई , ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियो ने किसी तरह आग पर काबू पाया , इस दौरान क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप बताई जा रही है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, नकदी सहित गृहस्थी जलकर खाक

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से नकदी सहित घर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई , पीड़िता ने मामले की सूचना एसडीएम सिराथू को देते हुए कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के निदूरा का मजरा मोगहरी निवासी ज्ञानमती पत्नी अर्जुन प्रसाद ने शुक्रवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की शॉर्ट सर्किट के चलते बीतीरात घर में अचानक आग लग गई । जिसमे बीस हजार की नकदी , कपड़े सहित घर की अन्य गृहस्थी जलकर खाक हो गई , शोर मचाने के बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# गुरुकुल महाविद्यालय में 9 जून से 14 जून तक चलेगा योग एवं चरित्र निर्माण शिविर

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू के सैनी कस्बे में स्थित गुरुकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में आगामी 9 जून से 14 जून तक युवक–युवतियों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक सामाजिक उत्थान के लिए योग एवं चरित्र–निर्माण शिविर का आयोजन किया जायेगा । उक्त आशय की जानकारी प्रधान डा अशर्फी लाल शास्त्री ने देते हुए बताया की आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा कौशाम्बी की ओर से योग एवं चरित्र–निर्माण शिविर का आयोजन दिनांक 09 जून से 14 जून (2024) तक किया जा रहा है। आप सभी से विनम्र निवेदन है कि कृपया अपने बालक–बालिकाओं को साथ ही 45 वर्ष की आयु के लोगों को भी शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।